मंगलवार, 3 फरवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 17 – 28 |
| आर्द्रता | 67% |
| सूर्योदय: 06:14 | सूर्यास्त: 17:26 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : किसी राष्ट्र में स्त्रियों की स्थिति ही उसकी प्रगति का वास्तविक मापदंड है।



टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मैच नहीं होने से हो सकता है 25 करोड़ डॉलर का नुकसान पृष्ठ 8






**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 25% से घटाकर 18% किया

## डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी से की बात

### मेक इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ घटा

**नयी दिल्ली :** अमेरिका ने सोमवार को भारत पर टैरिफ कम करने का ऐलान कर दिया है। टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। यह ऐलान डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी की टेलीफोन पर बातचीत के बाद किया गया। ट्रंप ने कहा- मोदी के साथ फोन पर बातचीत में बड़ी ट्रेड डील पर सहमति बनी है। ट्रूथ सोशल पर किए अपने एक पोस्ट में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि उन्होंने सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की, जिसमें दोनों के बीच अहम द्विपक्षीय व्यापार समझौता हुआ। ट्रंप ने मोदी को अपना महान मित्र और अपने देश के शक्तिशाली व सम्मानित नेता बताया।

**ट्रंप ने किया ये दावा**

ट्रंप ने कहा कि बातचीत में व्यापार, और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी तेल की खरीद बंद करने पर सहमति जताई, और अब भारत अमेरिका से बहुत अधिक तेल खरीदने पर भी विचार करेगा, साथ ही वेनेजुएला से भी तेल खरीदने की संभावना पर भी बात हुई।

**पीएम मोदी ने जताई खुशी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से हुई



बातचीत को लेकर खुशी जताई है। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप से बात करना शानदार रहा और उन्हें यह जानकर बेहद प्रसन्नता हुई कि अब 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस फैसले के लिए भारत की 1.4 अरब जनता की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप का आभार व्यक्त किया और इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# ममता ने 'एसआईआर' से प्रभावित परिवारों के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त से की मुलाकात

## बैठक बीच में छोड़कर चली गईं मुख्यमंत्री, अपमानित किए जाने का लगाया आरोप



### बंग भवन के बाहर मुख्यमंत्री की दिल्ली पुलिस से बहस, प्रभावित परिवारों को 'धमकाने'का आरोप

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के साथ सोमवार को बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर निकल गईं। ममता ने निर्वाचन आयोग के अधिकारियों पर ''अहंकारी'' होने और उनके प्रतिनिधिमंडल को अपमानित करने का आरोप लगाया। पार्टी के अनुसार, विरोध के प्रतीक के रूप में काले शॉल ओढ़े हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के एसआईआर प्रभावित परिवारों के 12 सदस्यों के साथ यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और अन्य निर्वाचन आयुक्तों से मुलाकात की। बाद में, ममता ने कहा कि उन्होंने विरोध में बैठक का बहिष्कार किया, जबकि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने दावा किया कि वह अपने द्वारा उठाए गए मुद्दों पर निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों की प्रतिक्रिया सुने बिना ही गुस्से में बैठक से चली गईं। अधिकारियों के अनुसार, सीईसी ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से कहा कि कानून का शासन सर्वोपरि रहेगा और कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ कानून के प्रावधानों और निर्वाचन आयोग की शक्तियों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग के मुख्यालय से बाहर आने के बाद मीडिया से बात करते हुए, मुख्यमंत्री ने आयोग के खिलाफ एक बार फिर तीखा हमला बोलते हुए उस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दलाल के रूप में काम करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने आरोप लगाया कि इतने सारे लोग मारे गए, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? निर्वाचन आयोग जिम्मेदार है। वे भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया। मैंने कहा कि हमें अफसोस है, हम न्याय के लिए यहां आए थे; हमें न्याय नहीं मिला, और आप झूठ बोल रहे हैं। वह बहुत बड़ा झूठा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमने कहा कि हम ज़मीनी स्तर पर इसका मुकाबला करेंगे। आपके पास भाजपा की ताकत है, हमारे पास जनता की ताकत है। हमने बैठक का बहिष्कार किया और बाहर आ गए। उन्होंने हमारा अपमान किया, हमें बेइज्जत किया... मैंने इस तरह का निर्वाचन आयोग पहले कभी नहीं देखा; वे बहुत अहंकारी हैं... वे ऐसे बात करते हैं जैसे वे जमींदार हों और हम नौकर हों। हालांकि, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि टीएमसी नेताओं की बात धैर्यपूर्वक सुनी गई।

### बंग भवन के बाहर तैनात दिल्ली पुलिस से ममता बनर्जी की बहस, सुरक्षा बढ़ाई गई

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोमवार को दिल्ली के बंग भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हुई और उन्होंने अपने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। इसके बाद बंग भवन के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पत्रकारों से बातचीत में बनर्जी ने दावा किया कि बंग भवन में ठहरे पश्चिम बंगाल के लोगों को ''धमकी'' दी जा रही है और उन्होंने भारी पुलिस तैनाती पर सवाल उठाया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह पुलिस को नहीं, बल्कि ''ऊपर बैठे लोगों'' को दोषी ठहराती हैं।

### बंग भवन के बाहर जवानों की तैनाती सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा : दिल्ली पुलिस

दिल्ली पुलिस ने मुख्मंत्री ममता बनर्जी के इस दावे का सोमवार को खंडन किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित उनके राज्य के लोगों को राष्ट्रीय राजधानी में परेशान किया जा रहा है। इसने कहा कि दिल्ली स्थित बंग भवन के बाहर जवानों की तैनाती सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा थी। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (धारणा प्रबंधन और मीडिया प्रकोष्ठ) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने याहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में ममता बनर्जी के दावे का खंडन करते हुए कहा कि किसी भी पुलिसकर्मी ने बंग भवन में प्रवेश नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमने बंग भवन में रहने वाले किसी भी व्यक्ति पर कोई पाबंदी नहीं लगाई और न ही लोगों के आने-जाने पर रोक लगाई। भवन के बाहर सुरक्षा बल की तैनाती सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा थी, क्योंकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को 'जेड प्लस' सुरक्षा प्राप्त है। श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने हमें बंग भवन में बनर्जी के आने के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था और हमने सूचना के अनुरूप उचित व्यवस्था की थी।

### यूपीआई के जरिये लेन-देन मुफ्त बना रहेगा: वित्तीय सेवा सचिव

**नयी दिल्ली :** वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सोमवार को कहा कि यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) को समर्थन देने को लेकर 2026-27 के बजट में 2,000 करोड़ रुपये के प्रावधान से इसके जरिये मुफ्त में लेन-देन बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बैंकों की गड़बड़ी के कारण साइबर धोखाधड़ी तीन प्रतिशत से भी कम है और लोगों की सतर्कता से इस समस्या से निपटा जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में लोकप्रिय डिजिटल भुगतान ऐप यूपीआई और रुपे डेबिट कार्ड के लिए 2,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी की घोषणा की है। यह 2025-26 में संशोधित अनुमान के अनुसार 2,196 करोड़ रुपये थी।

### सीबीआई ने अंकिता भंडारी हत्या मामले की जांच का जिम्मा संभाला

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वर्ष 2022 में एक रिसॉर्ट में 19 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की कथित हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज करके उत्तराखंड पुलिस से जांच का जिम्मा ले लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भंडारी के माता-पिता की मांग पर इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की थी। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने उत्तराखंड पुलिस से संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर उन्हीं के आधार पर अलग से मामला दर्ज किया है।

## बजट के दिन की भारी गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स ने लगाई 943 अंक की छलांग

**मुंबई :** आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 943.52 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़कर 81,732.25 अंक के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 262.95 अंक यानी 1.06 प्रतिशत बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 282.65 अंक चढ़कर 25,108.10 अंक तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली।

### चांदी 52,000 रुपये और टूटी, सोना 12,800 रुपये कमजोर

**नयी दिल्ली :** चांदी की कीमतें लगातार तीसरे दिन तेजी से गिरीं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में यह 52,000 रुपये टूटकर 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि कमजोर वैश्विक रुझानों और मजबूत डॉलर के बीच सोना टूटकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 52,000 रुपये, या लगभग 17 प्रतिशत टूटकर 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। शनिवार को, चांदी 19 प्रतिशत, या 72,500 रुपये गिरकर 3.12 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी। पिछले तीन सत्रों में, चांदी की कीमतें 1,44,500 रुपये, या लगभग 36 प्रतिशत गिरकर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे आ गई हैं। 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम का स्तर 29 जनवरी को दर्ज किया गया जो अब तक की सबसे ऊंची कीमत थी।

### दलाई लामा ने पहली बार प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार जीता



**लॉस एंजिलिस (अमेरिका) :** दुनिया के प्रतिष्ठित संगीत पुरस्कार 68वें ग्रैमी अवॉर्ड समारोह में रविवार को दलाई लामा ने ऑडियो बुक, कथावाचन और किस्सागोई (स्टोरीटेलिंग) रिकॉर्डिंग श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार जीता। यह दलाई लामा का पहला ग्रैमी पुरस्कार है। उन्होंने इस श्रेणी में अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश केतनजी ब्राउन जैक्सन को पीछे छोड़ा। 'के-पॉप डेमन हंटर्स' फिल्म के गीत 'गोल्डन' ने दृश्य मीडिया के लिए लिखे गए सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार जीता। यह पहला मौका है जब किसी के-पॉप कलाकार/समूह ने ग्रैमी जीता। गीतकारों ने पुरस्कार लेते समय अंग्रेज़ी और कोरियाई दोनों भाषाओं में अपना भाषण दिया। संगीत फिल्म का पुरस्कार 'म्यूज़िक फॉर जॉन विलियम्स' को मिला और इसी के साथ निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग ने अपना पहला ग्रैमी जीता और वह आधिकारिक रूप से ईजीओटी (एमी, ग्रैमी, टोनी और ऑस्कर जीतने वाले कलाकार) बन गए। मुख्य समारोह से पहले होने वाला प्रारंभिक पुरस्कार समारोह लॉस एंजिलिस शहर के पीकॉक थिएटर में आयोजित किया गया। इस दौरान 86 ग्रैमी पुरस्कार दिए जाने हैं।

## जनगणना में जाति दर्ज करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिका पर सुनवाई से न्यायालय का इनकार


**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 2027 की सामान्य जनगणना में नागरिकों की जाति संबंधी आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से सोमवार को इनकार कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र और भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से जनहित याचिका दायर करने वाले शिक्षाविद् आकाश गोयल द्वारा इस मुद्दे पर दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा। गोयल का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने किया। गुप्ता ने कहा कि नागरिकों के जाति संबंधी विवरण को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले एक पारदर्शी प्रश्नपत्र को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि जाति संबंधी आंकड़ों की पहचान के लिए ''पहले से तय कोई आंकड़ा'' नहीं है। पीठ ने कहा, ''जनगणना की प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बनाए गए 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है जो प्रतिवादी प्राधिकारियों को जनगणना करने के विवरण और तौर-तरीके तय करने का अधिकार देते हैं।'' मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''हमारे पास इस बात पर संदेह करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता और ऐसे ही विचार रखने वाले कई अन्य लोगों द्वारा जताई गई आशंका के मद्देनजर, प्रतिवादी प्राधिकारी किसी भी प्रकार की गलती से बचने के लिए क्षेत्र के विशेषज्ञों की सहायता एवं सहयोग से एक मजबूत व्यवस्था विकसित कर चुके होंगे। हमें लगता है कि याचिकाकर्ता ने महापंजीयक को दिए गए प्रतिवेदन के जरिए कुछ प्रासंगिक मुद्दे भी उठाए हैं...।'' पीठ ने कहा कि प्राधिकारी कानूनी नोटिस एवं याचिका में उठाए गए सुझावों पर विचार कर सकते हैं और इसी के साथ उसने जनहित याचिका का निपटारा कर दिया।

### रुपया 44 पैसे बढ़कर 91.49 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 44 पैसे के सुधार के साथ 91.49 पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की ऊंची कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.95 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 91.45 का उच्चस्तर और 91.95 का निचला स्तर छुआ। अंत में रुपया 91.49 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर के मुकाबले 44 पैसे की बढ़त है।

## अवैध बांग्लादेशियों की पहचान करना और उन्हें निर्वासित करना सरकार की जिम्मेदारी : मोहन भागवत

**हैदराबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की पहचान करना और उन्हें वापस भेजना सरकार की जिम्मेदारी है। भागवत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में देश अपने-अपने हितों से चलते हैं, भारत को भी बिना किसी समझौते के अपने हितों के अनुसार अपनी राह तय करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए देश को आर्थिक



और सामाजिक रूप से मजबूत होना चाहिए। आरएसएस की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भागवत ने शहर की अपनी यात्रा के दौरान संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को आयोजित 'संघ यात्रा के 100 वर्ष - नए क्षितिज' विषय पर एक कार्यक्रम में शिरकत की और फिल्मी हस्तियों तथा वरिष्ठ नौकरशाहों से मुलाकात की। देश में बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की अवैध घुसपैठ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों की पहचान करना और उन्हें वापस भेजना सरकार की जिम्मेदारी है और नागरिक इसे अधिकारियों के संज्ञान में ला सकते हैं। भागवत ने कहा कि दुनिया में जारी उथल-पुथल के परिणामों का भारत पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि यहां की पारिवारिक व्यवस्था, सोने की बचत और आर्थिक गतिविधियां परिवार-उन्मुख हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि आरएसएस को समझने के लिए संघ का हिस्सा बनकर अनुभव प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई आरएसएस को सतही तौर पर समझता है, तो उसे गलत समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संघ इस बात पर जोर देता है कि राष्ट्र के विकास में नागरिकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, जबकि सरकारें, पार्टियां और नेता अपनी भूमिका निभाते हैं।




## बजट में युवा व चुनावी राज्यों का ध्यान

राजग सरकार द्वारा रविवार को पेश आम बजट कई मायनों में खास रहा। तमिलनाडु के लोगों की आकांक्षाओं की पर्याय कांजीवरम साड़ी पहने लगातार नौवीं बार बजट पेश करके निर्मला सीतारमण ने नारी शक्ति का परचम ही लहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने बजट की दशा-दिशा पर तीन शब्दों में संदेश दिया कि यह स्किल, स्केल और सस्टेनबिलिटी का बजट है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विकास व आत्मनिर्भरता के लिए बजट है। दूसरी ओर विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि इसमें आम आदमी के लिए कुछ खास नहीं है। आम आदमी की जिज्ञासा यही होती है कि क्या सस्ता होगा और किस पर उसकी जेब ढीली होगी। कहा जा रहा है कि माइक्रोवेव्स, सोलर पैनल, चमड़ा उत्पाद, 17 दवाइयां तथा सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती होंगी। हर बार की तरह शराब, सिगरेट व तंबाकू प्रेमियों की जेब ढीली होगी। नये प्रावधानों में विदेशों में पढ़ रहे छात्रों को भेजे जाने वाले पैसे पर टीसीएस कम होगा। विदेश यात्रा पैकेज पर भी छूट दी गई है। आने वाले महीनों में जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे, उनका भी बजट में खास ख्याल रखा गया है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य उत्पादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दुर्लभ रेयर अर्थ पर ध्यान केंद्रित कर रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें तमिलनाडु-केरल का खास ध्यान रखा गया। आसन्न चुनाव वाले इन राज्यों के मछुआरों व नारियल उत्पादकों को प्रोत्साहन व छूट दी गई है। हालांकि, एसटीटी बढ़ाने के मुद्दे पर शेयर बाजार को बजट रास नहीं आया।

वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग में चालीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। वहीं सस्ती दवाओं के लिए 'बॉयोफार्मा शक्ति योजना' के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान होगा, जिससे देश में मधुमेह व कैंसर की सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। दूसरी ओर आसन्न चुनाव वाले राज्यों पश्चिम बंगाल, असम व तमिलनाडु को हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर का लाभ देने का प्रस्ताव है। वहीं असम को बौद्ध सर्किट का लाभ दिया गया है। यह योजना बौद्ध तीर्थों के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा यहां तक कि तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान बनाने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर डिजिटल मनोरंजन क्रांति हेतु रचनात्मक बढ़ाने वाली 'ऑरेंज इकॉनोमी' को भी प्राथमिकता बनाया गया है ताकि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जा सके। हर बार नौकरी पेशा वर्ग की आस होती है कि इनकम टैक्स में छूट मिले। लेकिन इस बार किसी स्लैब में परिवर्तन नहीं हुआ। हां, अप्रैल 26 तक नया आयकर कानून लागू करने की बात बजट में कही गई है, जिसमें आयकर रिटर्न की फाइलिंग से जुड़ी समय सीमा और नियमों में बदलाव होगा। निश्चित रूप से दुनिया आपूर्ति शृंखला में जारी वैश्विक उथल-पुथल और टैरिफ युद्ध के बीच राजग सरकार ने आम बजट में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। साथ ही आजादी के सौ साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दिशा में भी कदम बढ़ाया गया है।

## बांग्लादेश की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामलों में शेख हसीना को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को सरकारी आवास परियोजना में भूमि आवंटन से जुड़ी कथित अनियमितताओं से संबंधित भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। ढाका की विशेष अदालत ने 79 वर्षीय शेख हसीना को सरकारी पद का गलत इस्तेमाल कर पुरबाचोल स्थित राजधानी उन्नयन कर्तृपक्ष (राजुक) न्यू टाउन परियोजना में अपनी भतीजी एवं ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सांसद व वहां की पूर्व मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक सहित अन्य लोगों को आवासीय भूखंड दिलाने के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 फरवरी, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वितीया, 24:45 तक, नक्षत्र : मघा, 22:11 तक, योग : शोभना, 26:40 तक, सूर्योदयः 06:14, सूर्यास्तः 17:26, चन्द्रोदय : 18:56, चन्द्रास्तः 07:10, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 14:36 से 15:59

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों की अच्छी छाप रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा बनने से बचना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपको अपने कामों में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह लेने से बचना होगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी कुछ नई कोशिशें रंग लाएंगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई लापरवाही नहीं करनी है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, लेकिन भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको आस पड़ोस में किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। आप संतान को कहीं बाहर घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कोई सरकारी कामयाबी लंबे समय से यदि पेंडिंग था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा और आप धन को किसी योजना में लगाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। जीवनसाथी भी किसी नई नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपको अपनी माताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप छोटे बच्चों के साथ भी कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपको अपनी टेंशनों से भी काफी हद तक छुटकारा मिलेगा।

**मीन :** आज आपको किसी काम को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी और आपका मन भी परेशान रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में लापरवाही के कारण परीक्षा देने में उन्हें कठिनाई होगी।

# रक्षा खर्च नहीं, राष्ट्रीय निवेश: भारत की शक्ति-निर्माण यात्रा



प्रो. आरके जैन अरिजीत

### शक्ति का लोकतंत्रीकरणः स्वदेशी भारत

### हथियार नहीं, आत्मविश्वास खरीदा गया हैं इस बजट में

इतिहास के कुछ क्षण केवल घटित घटनाओं से नहीं, बल्कि उनके बाद लिए गए निर्णायक फैसलों से अमर होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण विजय के तुरंत बाद प्रस्तुत 7.85 लाख करोड़ का रक्षा बजट ऐसा ही एक निर्णायक क्षण है। यह बजट मात्र व्यय का विवरण नहीं, बल्कि भारत की बदली हुई सामरिक दृष्टि, अडिग आत्मविश्वास और भविष्य की सशक्त तैयारी का स्पष्ट उद्घोष है। 15% की यह वृद्धि साफ संकेत देती है कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा किसी समझौते की नहीं, बल्कि सामर्थ्य, संकल्प और निर्णायक शक्ति की भाषा में परिभाषित होगी।

पिछले वर्ष के 6.81 लाख करोड़ की तुलना में यह वृद्धि असाधारण अवश्य है, परंतु वर्तमान परिस्थितियों में पूरी तरह अनिवार्य भी है। विशेष रूप से पूंजीगत व्यय का 2.19 लाख करोड़ तक पहुंचना और उसमें 22% की तेज छलांग यह दर्शाती है कि भारत अब तात्कालिक जरूरतों से ऊपर उठकर दीर्घकालिक शक्ति निर्माण की दिशा में आगे बढ़ चुका है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह निर्विवाद रूप से सिद्ध कर दिया कि आधुनिक युद्ध में तकनीक, तैयारी और आत्मनिर्भरता ही विजय की कुंजी होती हैं। इसी कारण यह बजट आंकड़ों से आगे बढ़कर एक सशक्त रणनीतिक संदेश बन जाता है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने जिस निर्णायक ढंग से दुश्मन के हवाई क्षेत्र में प्रभुत्व स्थापित किया, उसने क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की परंपरागत धारणाओं को बदल दिया। शत्रु ठिकानों का सटीक और प्रभावी विनाश तथा संघर्षविराम के लिए विवश करना केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि एक स्पष्ट रणनीतिक चेतावनी थी। अब यह बजट उसी चेतावनी को स्थायी सामरिक शक्ति में रूपांतरित करने का साधन बन रहा है। प्रत्येक प्लेटफॉर्म, प्रत्येक प्रणाली और प्रत्येक हथियार को स्वदेशी बनाने की दिशा में यह एक निर्णायक और दूरदर्शी कदम है।

रक्षा मंत्री द्वारा इसे रणनीतिक अनिवार्यता करार देना वर्तमान वैश्विक यथार्थ की सटीक और स्पष्ट व्याख्या है। मई 2025 के सीमित किंतु तीव्र संघर्ष ने यह उजागर कर दिया कि आतंक और अस्थिरता की जड़ें पड़ोसी भूभागों में गहराई तक फैली हुई हैं। ऐसे वातावरण में केवल रक्षात्मक रुख पर्याप्त नहीं, बल्कि आक्रामक, आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम सैन्य शक्ति की नितांत आवश्यकता है। इसी रणनीतिक सोच के अनुरूप इस बजट में विमानन, एयरो इंजन और अगली पीढ़ी की युद्ध प्रणालियों पर विशेष और स्पष्ट बल दिया गया है।

विमान और एयरो इंजन के लिए 63,733 करोड़ तथा नौसेना के बेड़े के लिए 25,023 करोड़ का आवंटन भारत की बहु-आयामी और संतुलित सैन्य तैयारी का स्पष्ट संकेत है। अगली पीढ़ी के फाइटर जेट, एईडब्ल्यू एंड सी प्रणालियां, एमएलआरएस, बीवीआर मिसाइलें और लोइटरिंग मुनिशन्स अब कागजी योजनाएं नहीं, बल्कि ठोस अधिग्रहण की प्राथमिक सूची में शामिल हो चुके हैं। कुल पूंजीगत बजट का 75% घरेलू उद्योग से खरीद के लिए निर्धारित किया जाना आत्मनिर्भर भारत की नीति को विचार से निकालकर ठोस जमीन पर स्थापित करता है।

स्वदेशी रक्षा उत्पादन अब केवल एक आकांक्षा नहीं, बल्कि सशक्त और स्थापित वास्तविकता का रूप ले चुका है। 1.39 लाख करोड़ से बढ़कर 1.64 लाख करोड़ तक घरेलू खरीद का विस्तार यह स्पष्ट करता है कि भारतीय रक्षा उद्योग पर सरकार का भरोसा पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है। डीआरडीओ के लिए 29,100 करोड़ का आवंटन, जिसमें 17,250 करोड़ पूंजीगत अनुसंधान और विकास के लिए निर्धारित हैं, भविष्य की युद्ध तकनीकों की नींव रखता है। यह निवेश अनुसंधान प्रयोगशालाओं को सीधे रणभूमि की आवश्यकताओं से जोड़ने वाला साबित होगा।

आत्मनिर्भरता की इस रणनीतिक यात्रा में निजी क्षेत्र, स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका लगातार अधिक निर्णायक होती जा रही है। रक्षा अनुसंधान बजट का 25% इन क्षेत्रों के लिए खोलना नवाचार, प्रतिस्पर्धा और तकनीकी आत्मविश्वास को नई ऊर्जा प्रदान करता है। ड्रोन स्वार्म, साइबर डिफेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रणालियां और स्पेस वारफेयर जैसी क्षमताएं अब भारत की प्राथमिक सामरिक सूची में शामिल हो चुकी हैं। यह बजट भारत को तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि सशक्त निर्माता और संभावित निर्यातक बनाने की दिशा में आगे बढ़ाता है।

रक्षा निर्यात में लगातार हो रही वृद्धि इस नीति की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भारत अब वैश्विक रक्षा बाजार में एक भरोसेमंद और सक्षम साझेदार के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। राजस्व व्यय के लिए 3.65 लाख करोड़ और पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ का प्रावधान यह दर्शाता है कि सैनिकों और पूर्व सैनिकों का कल्याण भी उतनी ही प्राथमिकता में है। ईसीएचएस में 45% की बढ़ोतरी कर 12,100 करोड़ का आवंटन सैनिक परिवारों के प्रति राष्ट्र की स्थायी और सशक्त प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करता है।

वैश्विक परिदृश्य पर दृष्टि डालें तो चीन का निरंतर सीमा दबाव, पाकिस्तान की अस्थिर और आक्रामक रणनीति तथा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव भारत के समक्ष जटिल और बहुस्तरीय चुनौतियां खड़ी करता है। ऐसे परिवेश में जीडीपी का लगभग 2% रक्षा पर व्यय करना भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा व्यय करने वाले देशों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करता है। क्वाड और आई2यू2 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है, और यह रक्षा बजट उस भूमिका को आवश्यक सैन्य आधार और विश्वसनीयता प्रदान करता है।

ऑपरेशन सिंदूर ने यह निर्विवाद संदेश दिया कि शांति की सबसे ठोस और विश्वसनीय गारंटी सशक्त, सजग और सक्षम सेना ही होती है। यह रक्षा बजट उसी सीख को संकल्प से नीति में रूपांतरित करता है। सुरक्षा और विकास के बीच संतुलन साधते हुए यह आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को ठोस गति प्रदान करता है। विकसित भारत2047 के दृष्टिकोण से जुड़ा यह बजट केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाले दशकों की राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूत नींव रखता है।

7.85 लाख करोड़ का यह रक्षा बजट भारत की नई सामरिक पहचान का स्पष्ट घोषणापत्र है। यह पहचान भय से नहीं, आत्मविश्वास और सामर्थ्य से गढ़ी गई है। स्वदेशी हथियारों से सुसज्जित, तकनीकी रूप से सक्षम और रणनीतिक रूप से एकजुट भारतीय सेनाएं आज राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बन चुकी हैं। हर रुपये में राष्ट्रभक्ति और हर निर्णय में अडिग संकल्प झलकता है। यह बजट स्पष्ट करता है कि भारत अब केवल परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया नहीं देता, बल्कि अपने भविष्य की दिशा स्वयं निर्धारित करता है।

# सस्ती तकनीक और हर नागरिक तक पहुंच: एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी



श्री सुशील पाल

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।

लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ये सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है।

भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके।

इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा।

भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रुपये प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100%) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं।

भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा।

इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के।

आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

(लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं ।)

## विदेश की खबरें

### ट्रंप ने सोशल मीडिया पर 'इंडिया गेट' की तस्वीर पोस्ट की, इसे भारत की खूबसूरत विजय स्मारक बताया

**न्यूयॉर्क :** दिल्ली में स्थित इंडिया गेट को 'भारत का खूबसूरत मेहराबदार विजय स्मारक' बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में ऐसा ही एक स्मारक सभी स्मारकों में सबसे बेहतरीन होगा। दिल्ली में 42 मीटर ऊंचा इंडिया गेट 'आर्क-डी-ट्रायम्फ' कहा जाता है। यह प्रथम विश्व युद्ध और तीसरे एंग्लो-अफगान युद्ध के दौरान ब्रिटिश सेना के लिए लड़ते हुए शहीद हुए 70,000 भारतीय सैनिकों की स्मृति और सम्मान में स्थापित किया गया है। ट्रंप ने 'ट्रूथ सोशल' पर एक पोस्ट में इस प्रतिष्ठित भारतीय स्मारक की तस्वीर साझा करते हुए कहा, भारत का खूबसूरत मेहराबदार विजय स्मारक।



हमारा मेहराबदार स्मारक सबसे बेहतरीन होगा! सप्ताहांत में एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए, ट्रंप ने कहा था कि उनका प्रशासन पेरिस में 'आर्क डी ट्रायम्फ' के समान एक मेहराबदार स्मारक बनाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, 200 वर्षों से वे एक मेहराबदार स्मारक बनाना चाहते थे। दुनिया भर में 57 शहर ऐसे हैं जहां मेहराबदार स्मारक बने हुए हैं। वाशिंगटन डीसी ही एकमात्र प्रमुख शहर हैं जहां मेहराबदार स्मारक नहीं है। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन में बनने वाला मेहराबदार स्मारकदुनिया का सबसे खूबसूरत मेहराब होगा।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बलूचिस्तान में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने का अनुरोध किया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोमवार को कहा कि सरकार को बलूचिस्तान में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने की आवश्यकता है, क्योंकि यह अशांत प्रांत अपनी विशाल भौगोलिक स्थिति और हाल ही में हमलों में हुई वृद्धि के बीच गंभीर सुरक्षा स्थिति का सामना कर रहा है। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों ने अस्थिर प्रांत के 12 स्थानों पर आतंकवादियों द्वारा एक साथ किए गए हमलों के बाद 177 उग्रवादियों को ढेर किया है। नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए आसिफ ने कहा कि विद्रोहियों से लड़ रहे सैनिक क्षेत्र की विशालता के कारण असहाय हैं। उन्होंने कहा, भौगोलिक रूप से पाकिस्तान के 40 प्रतिशत भूभाग पर बलूचिस्तान है जिसे नियंत्रित करना किसी अधिक जनसंख्या वाले शहर की तुलना में कहीं अधिक कठिन है और इसके लिए बड़ी संख्या में बलों की तैनाती की जरूरत है। हमारे सैनिक वहां तैनात हैं और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी जगह की गश्त और निगरानी के कारण वे शारीरिक रूप से असहाय हैं।

### भारतीय मूल के जलवायु वैज्ञानिक रामनाथन ने प्रतिष्ठित 'क्रैफोर्ड' पुरस्कार जीता

**ह्यूस्टन (अमेरिका) :** भारतीय मूल के जलवायु वैज्ञानिक वीरभद्रन रामनाथन को 'रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' ने भू-विज्ञान में 2026 का क्रैफोर्ड पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है। ''भू-विज्ञान का नोबेल'' कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत रामनाथन को 'सुपर-प्रदूषकों' और वायुमंडलीय 'ब्राउन क्लाउड्स' पर दशकों तक किए गए उनके शोध के लिए सम्मानित किया गया है, जिसने वैश्विक ताप वृद्धि (ग्लोबल वॉर्मिंग) की समझ को नई दिशा दी।

## वर्ग पहेली नं. 3340

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | 28 | | 29 | |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें:-* 1) स्थानचिन्ह, 4) षड्यन्त्र, 7) बराती, 9) संतोष; समाधान, 11) शवाच्छादन, 12) उष्ण, 14) पतिव्रता; शीलवान, 15) वक्रतुंड, 16) इच्छा, 18) दफ़ा, 19) मक्का का दाना, 20) नयनपट, 22) निस्संतान, 23) ख़्वाब, 25) प्राचीन, 26) सौंदर्य, 28) पथिक, 30) गला पकड़कर बाहर निकालना, 31) आलाप *(संगीत)*.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अनावश्यक; बहुत; ज़्यादा, 2) अनिलकुमार, 3) धातु का धागा, 4) अक्षरज्ञ, 5) सौ, 6) एक प्रमुख भारतीय शहर, 8) पागल, 10) सहिष्णु, 13) एक शक्तिशाली जलचर, 17) आवश्यकतानुरूप, 18) एक संख्या, 19) घमंडी, 20) शरण, 21) धज्जी; छाँट, 22) महारानी, 24) परकीय, 27) पैर, 29) एक धर्मग्रंथ.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | व | धू | ■ | अ | जी | ब | ■ | द |
| द | ■ | र | म | क | ना | ■ | ला | ज़ि | म |
| ल | ड़ | ना | ■ | स | र | स | ■ | ■ | क |
| ब | ■ | ■ | सा | र | ■ | ह | ल | च | ल |
| द | स्त | ख | त | ■ | का | म | ■ | म | ■ |
| ल | ब | ■ | पाँ | च | ■ | त | म | च | र |
| ■ | क | व | च | ■ | बै | ■ | स | म | क्ष |
| ठी | ■ | सू | ■ | गो | ल | मा | ल | ■ | क |
| क | म | ल | ना | ल | ■ | दा | ना | ■ | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3298

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 3 | |
| | 7 | 8 | 4 | | | | | |
| | | 3 | | 5 | | 7 | | 1 |
| | | | 2 | | | 8 | | |
| | | 9 | 6 | | | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 6 | |
| | | 1 | | | | 9 | | 4 |
| | | 6 | | | | 1 | 7 | |
| | | | | 3 | 7 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3297 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 |
| 9 | 6 | 8 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 |

# दिल्ली पुलिस के हाथों उत्पीड़न की शिकायत करने का ममता को नैतिक अधिकार नहीं : शुभेंदु अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह आरोप कि दिल्ली पुलिस जरूरत से ज्यादा सक्रिय होकर एसआईआर से जुड़े पीड़ितों के परिवारों को परेशान कर रही है, वास्तव में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार और उसकी पुलिस पर ज्यादा सही बैठता है। अधिकारी ने कहा कि बंगाल में विपक्षी गतिविधियों को कुचलने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार और उसकी पुलिस ने दमनकारी तरीके अपनाए हैं। अधिकारी ने यहां पत्रकारों से कहा कि एक ऐसे शख्स को यह आरोप लगाने का नैतिक अधिकार नहीं है, जिनकी सरकार ने मेरे खिलाफ विभिन्न थानों में 86 झूठे मामले दर्ज कराए हुए हैं, मुझे राजनीतिक रैलियां करने की अनुमति लेने के लिए 104 बार उच्च न्यायालय का रुख करने के लिए मजबूर किया गया और निलंबन के जरिए मुझे 11 महीने से अधिक समय तक राज्य विधानसभा से बाहर रखा गया है। अधिकारी ने आरोप लगाया कि राज्य में एसआईआर कवायद को लेकर लोगों की चिंता मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं उत्पन्न की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के सभी 23 जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन करेगी, जबकि वह भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए शाम में लोक भवन जाएंगे और राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को ज्ञापन सौंपेंगे। अधिकारी ने कहा कि एसआईआर को लेकर डर ममता बनर्जी ने खुद पैदा किया है। इसका फायदा उठाते हुए तृणमूल कांग्रेस एसआईआर सुनवाई केंद्रों पर हिंसा और तोड़फोड़ करवा रही है। तृणमूल कांग्रेस और उसके राजनीतिक सलाहकार आई-पैक के निर्देश पर कुछ बीएलओ ने जानबूझकर नामों की वर्तनी में गलतियां अपलोड की हैं, ताकि मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाया जा सके और पार्टी उनकी शिकायतों का लाभ उठा सके। हम आज बाद में लोक भवन में राज्यपाल को ये विवरण सौंपेंगे।

## एसआईआर के जरिये मतदाता सूची की सफाई होने तक बंगाल में चुनाव नहीं होने देंगे : शुभेंदु अधिकारी



भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मौजूदा एसआईआर के तहत मतदाता सूची की सफाई होने तक पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नहीं होने देगी। यहां लोकभवन में राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को एक ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए अधिकारी ने दिल्ली में आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गतिविधियों को नियोजित नाटक करार दिया। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान भाजपा ने आरोप लगाया कि ईआरओ, एईआरओ और बीएलओ मतदाताओं को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं, और यह कार्य टीएमसी और उसकी राजनीतिक सलाहकार संस्था 'आई-पैक' के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम राज्य में गलत मतदाता सूची के साथ चुनाव नहीं होने देंगे। अगर पांच मई की मध्यरात्रि तक बंगाल में चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं होती है, तो स्वतः ही राष्ट्रपति शासन लागू हो जाएगा और राज्य पर लोक भवन का शासन होगा।

## उच्च न्यायालय ने शब-ए-बारात के दौरान अवैध पटाखों के इस्तेमाल पर रोक का दिया निर्देश



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शब-ए-बारात के दौरान किसी भी प्रकार के अवैध और खतरनाक पटाखों का इस्तेमाल न हो। अदालत ने निर्देश दिया कि रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक पटाखों का इस्तेमाल प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की एक पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि 'शब-ए-बारात के दौरान बिना मंजूरी वाले और पर्यावरण के लिए हानिकारक किसी भी प्रकार के पटाखे का इस्तेमाल करने की अनुमति न दी जाए।' अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान याचिकाकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करना पुलिस विभाग का दायित्व होगा। पीठ ने अगली सुनवाई की तारीख से पहले एक कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई का उल्लेख अप्रैल की मासिक सूची में किया जाएगा। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता की एकमात्र शिकायत शब-ए-बारात के दौरान पटाखे फोड़ने से संबंधित है और उसने अदालत से आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के अवैध पटाखे का उपयोग न किया जाए और इसके उपयोग के लिए समयसीमा निर्धारित की जाए।

## पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक हाबरा विधानसभा से नहीं लड़ना चाहते हैं चुनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कथित अनियमितताओं के मामले में आरोपित और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जा चुके पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी सीट बदलने के इच्छुक हैं। जेल में रहने के बाद पहली बार उन्होंने अलग विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा सार्वजनिक रूप से जाहिर की है। ज्योतिप्रिय मलिक वर्तमान में उत्तर 24 परगना जिले की हाबरा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हैं। वह इस सीट से वर्ष 2011, 2016, 2021 में लगातार तीन बार निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह इसी जिले की गायघाटा विधानसभा सीट से वर्ष 2001 और 2006 में विधायक रह चुके हैं। सोमवार को अलग सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए मलिक ने कहा कि उनके लिए विधानसभा क्षेत्र बदलना कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि समय की जरूरत के अनुसार मैं पहले गायघाटा से हाबरा आया था। अब एक बार फिर समय की मांग के हिसाब से हाबरा से किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में जाना पड़ सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मलिक के इस रुख के पीछे हाबरा सीट के हालिया चुनावी आंकड़े अहम कारण हैं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में वह हाबरा से बेहद कम, महज 3841 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर पाए थे। हाबरा विधानसभा सीट बारासात लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है।

## आज से शुरू होगा विधानसभा सत्र, पांच को पेश होगा अंतरिम बजट

### चुनावी वर्ष में डीए बढ़ोतरी और कल्याणकारी घोषणाओं पर टिकी निगाहें



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार को शुरू होने जा रहा है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार, सत्र की शुरुआत मंगलवार को दिवंगत विशिष्ट जनों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ सत्र की कार्यवाही समाप्त हो जाएगी। इसके बाद, पांच फरवरी को सदन का सबसे अहम दिन रहेगा। इस दिन, राज्यपाल सीवी आनंद बोस का अभिभाषण होने के बाद वित्त मंत्री अंतरिम बजट पेश करेंगी। बताते चलें कि कुछ दिनों में विधानसभा चुनावहोना है इसीलिए ममता सरकार इस अंतरिम बजट से भी कई लोकलुभावन घोषणाएं कर सकती है। छह फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सात फरवरी को बजट पर सामान्य चर्चा के साथ 'वोट आन अकाउंट' पारित होने की संभावना है। चुनाव के देखते हुए इस बजट सत्र से पहले सरकारी कर्मचारियों में महंगाई भत्ते को लेकर उम्मीदें चरम पर हैं। बीते वर्षों की परंपरा को देखते हुए माना जा रहा है कि सरकार बजट के मंच से डीए में बड़ी वृद्धि की घोषणा कर सकती है। वर्तमान में, केंद्र और राज्य के कर्मचारियों के डीए में भारी अंतर है, जिसे लेकर लंबे समय से असंतोष बना हुआ है। बजट से ठीक पहले कर्मचारी संगठनों के आंदोलन ने सरकार पर दबाव और बढ़ा दिया है। चुनाव के मद्देनजर बजट में 'लक्ष्मी भंडार' जैसी लोकलुभावन योजनाओं के विस्तार, महिलाओं और पेंशनधारकों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है। कृषि क्षेत्र में 'कृषक बंधु' योजना और ग्रामीण सड़कों व आवास परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त आवंटन हो सकता है। वहीं, रोजगार सृजन के लिए एमएसएमई सेक्टर, नए औद्योगिक पार्क, शिक्षा और कौशल विकास योजनाओं को भी मजबूती देने की उम्मीद है।

## बंगाल सरकार सुनिश्चित करे कि विपक्षी नेता हमले के शिकार न हों : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विपक्षी नेताओं पर किसी भी प्रकार का हमला न हो। नेता प्रतिपक्ष शुभेन्दु अधिकारी ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर दावा किया कि विपक्षी नेताओं को मनगढ़ंत मामले दर्ज करके उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है और उन्हें गुंडों के हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि संबंधित लोगों पर किसी भी प्रकार का हमला न हो। अदालत ने कहा कि जनहित याचिका पर 18 फरवरी को फिर से सुनवाई होगी। शुभेन्दु अधिकारी की ओर से पेश अधिवक्ता ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना में 10 जनवरी को अपने मुवक्किल के काफिले पर हुए कथित हमले का हवाला देते हुए अनुरोध किया कि राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। राज्य सरकार ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय की एकल पीठ को आश्वासन दिया था कि 19 फरवरी को अगली सुनवाई की तारीख तक अधिकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। शुभेन्दु अधिकारी ने उक्त याचिका में दावा किया था कि उनके खिलाफ मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

### ममता ने कक्षा 10 के छात्रों को दीं परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार से शुरू हुई कक्षा 10 की राज्य बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं। सभी का भविष्य उज्ज्वल हो।

### बंग भवन के बाहर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के विरोध में तृणमूल सांसदों का लोकसभा में प्रदर्शन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस सांसदों ने राष्ट्रीय राजधानी में बंगाल सरकार के आधिकारिक अतिथि गृह बंग भवन के बाहर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के खिलाफ सोमवार को लोकसभा में प्रदर्शन किया। बंग भवन में, राज्य में एसआईआर से कथित रूप से प्रभावित कुछ लोग ठहरे हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने सदन में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार के खिलाफ नारे लगाए और आसन के समीप पहुंच गए। समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य भी तृणमूल सांसदों के साथ एकजुटता दिखाते हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस और सपा के सदस्य उस समय आसन के समीप पहुंच गए, जब भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव से संबंधित चर्चा में भाग ले रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जब चर्चा में बोलने के लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम पुकारा तो हंगामा कर रहे सदस्य अपने-अपने आसन पर लौट गए।

## आई-पैक छापेमारी मामले में ईडी की न्यायालय में याचिका पोषणीय नहीं : बंगाल सरकार का हलफनामा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में जवाबी हलफनामा दाखिल करके आई-पैक कार्यालय पर छापेमारी के दौरान राज्य मशीनरी की ओर से किये गए हस्तक्षेप के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल याचिका की पोषणीयता को चुनौती दी है। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में इसी तरह के एक मामले के लंबित होने का हवाला दिया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने 15 जनवरी को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल सरकार, राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया था। ईडी ने उन पर राजनीतिक परामर्श कंपनी आई-पैक (इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी) के परिसरों पर छापे में कथित रूप से बाधा डालने के मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)से जांच कराने का अनुरोध किया है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि ईडी की जांच में मुख्यमंत्री द्वारा कथित तौर पर 'बाधा डालना' 'बहुत गंभीर' मामला है। साथ ही इस मामले पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी कि क्या राज्य की कानून लागू करने वाली एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की केंद्रीय एजेंसी की जांच में हस्तक्षेप कर सकती हैं। शीर्ष अदालत ने ईडी के उन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर भी रोक लगा दी थी, जिन्होंने आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और प्रमुख के आवास पर छापेमारी की कार्रवाई की थी। ईडी की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करते हुए तृणमूल कांग्रेस नीत बंगाल सरकार ने कहा कि चूंकि इसी तरह का एक मामला कलकत्ता उच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए दो संवैधानिक अदालतों के समक्ष ''समानांतर कार्यवाही'' नहीं हो सकती है। इसमें यह भी कहा गया कि केंद्रीय एजेंसी को उच्चतम न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर करने का मौलिक अधिकार नहीं है। राज्य सरकार ने यह भी दावा किया गया कि ईडी के पास 'व्यापक तलाशी और जब्ती' करने का अधिकार नहीं था और एजेंसी ने विशेषाधिकार प्राप्त संवाद का उल्लंघन किया था।

ईडी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसर में तलाशी अभियान में मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार द्वारा बाधा डाली गई थी। संघीय जांच एजेंसी ने दावा किया है कि ममता बनर्जी परिसर में जबरन दाखिल हुईं और जांच से संबंधित 'महत्वपूर्ण' सबूत अपने साथ ले गईं।

## राज्य के लंबित बकाये को लेकर तृणमूल सांसदों का राज्यसभा से बहिर्गमन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्यों ने सोमवार को राज्यसभा की बैठक शुरू होने के कुछ ही देर बाद, एक बार फिर पश्चिम बंगाल की लंबित केंद्रीय बकाया राशि का मुद्दा उठाने का प्रयास किया और अनुमति न मिलने पर विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन किया। उच्च सदन की बैठक शुरू होने के बाद सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद उन्होंने शून्यकाल के तहत सदस्यों से अपने अपने मुद्दे उठाने को कहा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राजिन्दर गुप्ता को अपना मुद्दा उठाने की अनुमति दी। इसी दौरान तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल की लंबित केंद्रीय बकाया राशि का मुद्दा उठाने का प्रयास किया। सभापति ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। तृणमूल सदस्यों के हंगामे के बीच उन्होंने कहा कि कार्यवाही में केवल उन सदस्यों की ही बात जाएगी जिन्हें वह अनुमति देंगे। तृणमूल सदस्यों ने इस पर विरोध जताते हुए सदन से बहिर्गमन किया। बहिर्गमन के बाद राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने मीडिया के समक्ष आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का करीब दो लाख करोड़ रुपये बकाया है। उन्होंने कहा कि आज राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने बहिर्गमन किया, क्योंकि बजट में बंगाल का एक बार भी जिक्र नहीं किया गया और राज्य की विभिन्न मद की बकाया राशि उसे अब तक नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि मनरेगा, आवास योजना, पीएमएवाई सहित विभिन्न मदों में बंगाल का दो लाख करोड़ रुपये बकाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संघीय ढांचे, केंद्र-राज्य संबंधों और संविधान का उल्लंघन है। घोष ने यह भी दावा किया कि रविवार को संसद में 2026-27 के लिए पेश किए गए केंद्रीय बजट में पश्चिम बंगाल की पूरी तरह अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा, बजट में जिस तरह से बंगाल को नजरअंदाज किया गया, उसी के विरोध में आज हमने संसद के पटल पर यह मुद्दा उठाया और बहिर्गमन किया। राज्यसभा में तृणमूल की एक अन्य सदस्य ममता ठाकुर ने भी केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार के बाद केंद्र ने राज्य को लेकर प्रतिशोध की नीति अपनाई हुई है। ठाकुर ने कहा कि बंगाल की जनता ने 2021 में भाजपा को निर्णायक रूप से खारिज किया। इसके बाद केंद्र ने संघीय जिम्मेदारी निभाने के बजाय मनरेगा की मजदूरी रोक दी, सड़कों और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के लिए धन रोका और गरीबों व वंचितों के लिए कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी राशि अटका दी। उन्होंने इस सुनियोजित भेदभाव को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि इस गंभीर अन्याय के विरोध में तृणमूल के राज्यसभा सदस्यों ने आज सदन से बहिर्गमन किया है। जब तक बंगाल को उसका जायज हक नहीं मिल जाता, हम संसद के भीतर और बाहर अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

### सोनागाछी में युवक से ऑनलाइन ठगी, तीन महिलाएं गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के सोनागाछी इलाके में एक युवक का सड़क से अपहरण कर उससे ऑनलाइन माध्यम से 89 हजार रुपए की वसूली करने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिलाओं को रविवार रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित युवक ने बड़तोला थाने में शिकायत दर्ज कराई कि सोनागाछी के पास सड़क से गुजरते समय तीन महिलाओं ने उसे जबरन एक कमरे में ले जाकर मोबाइल फोन छीन लिया। नकदी नहीं मिलने पर उसके साथ मारपीट की गई और परिवार को वीडियो कॉल करने की धमकी देकर ऑनलाइन भुगतान के लिए दबाव बनाया गया। आरोप है कि महिलाओं ने युवक से मोबाइल और ऑनलाइन भुगतान ऐप का पिन हासिल कर उसके खाते से 89 हजार अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए। रकम वसूलने के बाद युवक को छोड़ दिया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल की पहचान कर तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या आरोपित पहले भी इसी तरह की वारदातों में शामिल रही हैं।

## हिंसा मामले की जांच के लिए बेलडांगा पहुंची एनआईए

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बेलडांगा में जनवरी में लगातार दो दिन तक हुई हिंसा की जांच के लिए सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की दो टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी की टीम ने जांच के तहत कई स्थानों का दौरा किया, जिनमें बहरामपुर साइबर अपराध थाना, पंचरास्ता क्रॉसिंग, बेलडांगा नगरपालिका और स्थानीय रेलवे स्टेशन शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि हिंसा के सभी पहलुओं की पड़ताल करने के लिए टीम गठित की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को एनआईए अधिकारियों ने स्थानीय लोगों, बेलडांगा रेलवे स्टेशन प्रबंधक और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों से बातचीत की।

OFFICE OF THE
SABANG DEVELOPMENT BLOCK
Sabang, Paschim Medinipur
NOTICE
NIT No-55/25-26 vide Memo No-277/SBG,NIT No-56/25-26 vide Memo No-127/PS, has been invited for 3 Nos Construction of Additional Class room & CC ROAD Waiting shed fund of -MDW & PATHASHREE-IV. Last date & time for application of tender: 18.02.2026 upto 14.00 Hours for details log on to:www.wbtenders.gov.in
Sd/-
Block Development Officer
Sabang Development Block

नाम परिवर्तन
मैं, स्नेहलता चटर्जी, पिता-मोतीलाल उर्फ मतिलाल मुखर्जी, निवासी-जलघाटा पश्चिम भागेर, उत्तरांशा, जलघाटा, सिंगुर, हुगली, पिन-712409, को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, अलीपुर कोर्ट के हलफनामे संख्या 77611 दिनांक: 20.12.2025 के तहत परिवर्तित हासी रानी चट्टोपाध्याय के नाम से जाना जाऊंगा। स्नेहलता चटर्जी और हंसी रानी चट्टोपाध्याय एक ही और एक जैसे व्यक्ति हैं।

नाम परिवर्तन
मैं, प्रोमकांत मुखर्जी, पिता-मोतीलाल मुखर्जी, निवासी 6/1ए, प्रताप आदित्य रोड, थाना-टैलीगंज, कोलकाता-700026, अब भास्कर मुखर्जी के नाम से जाना जाऊंगा, जिसका नाम प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, अलीपुर न्यायालय के शपथ पत्र संख्या 39040 दिनांक 27.03.2012 द्वारा परिवर्तित किया गया है। प्रोमकांत मुखर्जी और भास्कर मुखर्जी एक ही व्यक्ति हैं।

e-AUCTION
The Executive Officer, Pingla Panchayat Samiti, invites online application for selling of 142 Nos. of Standing trees by auction.
Auction Sale Notice No.: 02/Pingla/2025-26
NOTICE INVITING E-TENDER NO.

| Description | Last Date of Application |
|---|---|
| Last Date Online Application | 10.02.2026 upto 04:00 PM |
| Auction Start Date & Time | 11.02.2026 at 2.00 PM |
| Auction End Date & time | 11.02.2026 at 4.00 PM |

Details of the Auction notice is available in the websitehttps:// wbtenders.gov.in
Sd/- Execcutive Officer,
Pingla Panchayat Samity

आद्रा मंडल के तहत पार्किंग अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे पार्किंग अनुबंधों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। कैटलॉग आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। क्रम सं., कैटेगरी, ऑक्शन कैटलॉग सं., लॉट संख्या/कैटेगरी और नीलामी शुरू (सभी लॉट) निम्नानुसार हैं: (1), पार्किंग, पार्क101, पार्किंग-आद्रा-एमडीएफ-टीडब्ल्यू-83-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), 12.02.2026 को 12.00 बजे। (2), पार्किंग, पार्क101, पार्किंग-आद्रा-सीएनआई-एमएक्स-84-26-1 (पार्किंग-मिक्स्ड), 12.02.2026 को 12.30 बजे। नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय: 12.02.2026 को 12.30 बजे (क्रम सं. 1 हेतु) और 12.02.2026 को 12.40 बजे (क्रम सं. 2 हेतु)। टिप्पणी: संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-1130)
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## हावड़ा में भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री का पुतला दहन, प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिला सदर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है कि एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री अफवाह फैला रही हैं और बीएलओ व बीडीओ उनके निर्देशानुसार कार्य कर रहे हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। हावड़ा जिला सदर भाजपा की ओर से सोमवार को हावड़ा जिला शासक कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही हावड़ा मैदान से जिला शासक कार्यालय तक जुलूस निकाला गया, जिसे हावड़ा सिटी पुलिस ने हावड़ा कॉरपोरेशन के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। समर्थकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर अपना विरोध व्यक्त किया।

## गोलपार्क में दो गुटों के बीच झड़प में बमबारी-गोलीबारी, 10 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में दो गुटों के बीच हुई झड़प के दौरान बम फेंके गए और गोलीबारी की गयी, जिसमें दो लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार की रात दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क इलाके में रवींद्र सरोवर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई झड़प मामले में कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि हालात अब नियंत्रण में हैं। सोमवार के तड़के 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया और झड़प में शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने बताया कि रविवार की रात करीब 8.30 बजे कंकुलिया रोड पर उस समय हिंसा भड़क उठी, जब दूसरे इलाके से युवकों का एक समूह इलाके में घुस आया और स्थानीय लोगों से उनका टकराव हुआ। उन्होंने बताया कि इस घटना में दो लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों ओर से पथराव हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारी ने बताया कि झड़प के दौरान देसी बम फेंके गए। इलाके से खाली कारतूस और छर्रे बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाद में भीड़ ने कई मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ की और जब सुरक्षाकर्मी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए मौके पर पहुंचे तो उन्होंने एक पुलिस वाहन पर हमला करने का प्रयास किया। अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों की पहचान करने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हिंसा का मकसद इलाके पर नियंत्रण स्थापित करना था। तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने इलाके का दौरा किया और कहा कि भय पैदा करने और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

पूर्व रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा, पिन-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: [वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा] ई-निविदा सं.: 262_2025-26, दिनांक: 30.01.2026, कार्य का विवरण : (i) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 11ए/1 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (ii) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (iii) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए/3 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (iv) एईएन/कटवा के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 21/1/सी/ई (एमएल) के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (v) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 7/सी के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। अनुमानित मूल्य : रु. 32,40,18,905.10, बयाना राशि : रु. 17,70,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य। समापन अवधि : 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 23.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-574/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
ई-नीलामी आमंत्रण सूचना
सं. सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022 दिनांक 29.01.2026
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 3 वर्ष के लिए बैद्यबाटी स्टेशन में सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन एवं रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-ऑक्शन रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 ऑफ 2022 एवं कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। ऑक्शन कैटलॉग सं. पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-06-2026, लॉट सं./कैटेगरी: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीबीईई-टीओआई-34-25-2, स्टेशन: बैद्यबाटी (बीबीईई)। नीलामी की तिथि और समय : 13.02.2026 को 13.30 बजे।
HWH-572/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राज्यभर में माध्यमिक परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सोमवार से शुरू हुई माध्यमिक (कक्षा 10) बोर्ड परीक्षा पूरे राज्य में शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। लगभग 9.5 से 9.85 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। प्रशासन और पुलिस की सतर्क व्यवस्था के चलते कहीं से भी अव्यवस्था या परीक्षा में रुकावट की खबर नहीं मिली। परीक्षा को सुचारू रूप से कराने के लिए कोलकाता पुलिस और जिला पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए थे। छात्रों की सुविधा के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखा गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। परीक्षा समय के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक मालवाहक वाहनों की


छात्राओं को गुलाब देकर शुभकामनाएं देते कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार

आवाजाही पर रोक लगाई गई। पुलिस थानों और ट्रैफिक गार्ड को हाई अलर्ट पर रखा गया, जिससे परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो। हालांकि, परीक्षा के दिन दो बड़ी घटनाएं सामने आईं, लेकिन प्रशासन की तत्परता के कारण परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई।

दक्षिण 24 परगना जिले में सुबह माध्यमिक परीक्षा का प्रश्नपत्र ले जा रही एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसके बावजूद, वैकल्पिक व्यवस्था कर प्रश्नपत्र समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचा दिए गए और परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई। वहीं, उत्तर बंगाल के तूफानगंज में एक स्कूल में परीक्षा के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर में आग लग गई। मौके पर तुरंत स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। किसी भी छात्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और परीक्षा बिना किसी बाधा के जारी रही।

परीक्षा के दौरान परिवहन सेवाओं ने भी सहयोग किया। ऑटो, टैक्सी और ऐप आधारित कैब सेवाओं ने परीक्षार्थियों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया, जिससे छात्रों को केंद्र तक पहुंचने में आसानी हुई। कुल मिलाकर, पूरे पश्चिम बंगाल में पहले दिन की माध्यमिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन, पुलिस और परिवहन सेवाओं के बेहतर समन्वय ने यह सुनिश्चित किया कि लाखों छात्रों की यह महत्वपूर्ण परीक्षा बिना किसी परेशानी के सफलतापूर्वक आयोजित हो सके।

## माध्यमिक परीक्षा के प्रश्नपत्र ले जा रही गाड़ी बासंती में दुर्घटनाग्रस्त, दो पुलिस कर्मी घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बासंती क्षेत्र में सोमवार की सुबह माध्यमिक परीक्षा के प्रश्नपत्र ले जा रही एक गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में एक महिला कांस्टेबल समेत दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। हालांकि प्रशासन की तत्परता से प्रश्नपत्र समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचा दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बासंती थाना से प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र चड़ाविद्या रामकृष्ण विद्यामंदिर जा रही गाड़ी बासंती के आमझाड़ा बाजार के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि अचानक वाहन का नियंत्रण बिगड़ जाने के कारण यह हादसा हुआ। घायल पुलिस कर्मियों को तुरंत कैनिंग महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अस्पताल सूत्रों के



अनुसार, दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बासंती थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन से सभी प्रश्नपत्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया गया। प्रशासन की सक्रियता के चलते प्रश्नपत्र पूरी तरह सुरक्षित रहे और समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने से परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

## दासपुर में 10वीं की छात्रा का शव मिलने से सनसनी

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दासपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजुआ ग्राम में सोमवार के तड़के एक दसवीं कक्षा की छात्रा का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृत छात्रा की पहचान सोनाली अधिकारी (16) के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सोनाली दासपुर थाना क्षेत्र के सोनामुई गांव निवासी सुष्मिता अधिकारी की बेटी थी और वह लंबे समय से अपनी मामा के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। बीती रात वह अपने मामा के घर में फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली। परिजनों का दावा है कि घटना के पीछे के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही दासपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तूफानगंज में परीक्षा केंद्र के पास गैस सिलेंडर धमाका, 202 विद्यार्थी बाल-बाल बचे

**कूचबिहार :** माध्यमिक परीक्षा के पहले ही दिन एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कूचबिहार जिले के तूफानगंज-1 प्रखंड स्थित नाककटी गाछ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास सोमवार को गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ। घटना के समय परीक्षा केंद्र में 202 विद्यार्थी मौजूद थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार, निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले स्कूल परिसर के पास स्थित कैंटीन में चाय बनाते समय एक गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं, जिससे पूरे परीक्षा केंद्र में



अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को भांपते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए जलते हुए सिलेंडर को स्कूल भवन से बाहर खुले मैदान की ओर ले गए। आग बुझाने के प्रयास जारी ही थे कि दमकल के पहुंचने से पहले सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। विस्फोट की आवाज सुनकर परीक्षार्थी दहशत में आ गए और परीक्षा कक्ष छोड़कर मैदान में निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही तूफानगंज के उपजिलाधिकारी किंशुक माइती, एसडीपीओ मनोज कुमार सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया और विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को स्थिति नियंत्रण में होने का भरोसा दिलाया। विद्यालय के प्रभारी प्रधान शिक्षक दुलाल बसाक ने बताया कि सिलेंडर खुले मैदान में फटने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और हालात सामान्य होने के बाद विद्यार्थियों ने शांतिपूर्वक परीक्षा पूरी की।

## सुधार, स्थिरता और निवेश पर फोकस, विशेषज्ञों ने सराहा केंद्रीय बजट 2026-27

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को संतुलित, सुधारोन्मुख और दीर्घकालिक संरचनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए विशेषज्ञों ने इसकी सराहना की। यह विचार इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित बजट विश्लेषण सत्र के दौरान सामने आए, जिसमें उद्योग, कराधान और विकास अर्थशास्त्र से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ उपस्थित थे। सत्र में पल्लव गुप्ता, चेयरमैन, कराधान विशेषज्ञ समिति, आईसीसी, ने बजट को जटिल परिस्थितियों में तैयार किया गया संतुलित बजट बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने राजकोषीय घाटा और ऋण-जीडीपी अनुपात को नियंत्रण में रखने की दिशा में स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखाई है। गुप्ता के अनुसार, महंगाई फिलहाल नियंत्रित




दिख रही है और व्यापक आर्थिक संकेतक स्थिरता की ओर इशारा करते हैं। हालांकि, उन्होंने चेताया कि अपेक्षा से अधिक कर संग्रह होने पर बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त तरलता के प्रभावों पर नजर रखना होगी। आदित्य हंस, पार्टनर, ध्रुवा एडवाइजर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पुनरुद्धार (रिकवरी) के चरण से आगे बढ़ चुकी है और फिर से अपनी विकास लय हासिल कर चुकी है। उन्होंने कहा कि जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं 2 प्रतिशत से कम की दर से बढ़ रही हैं, तब भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बुनियादी ढांचे और रणनीतिक विनिर्माण में बढ़ते पूंजीगत व्यय को भविष्य की उत्पादक क्षमता बढ़ाने वाला निवेश बताया। वहीं, डॉ. ब्यासदेव दासगुप्ता, निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, कोलकाता, ने कहा कि यह बजट अल्पकालिक राहत से आगे बढ़कर दीर्घकालिक संरचनात्मक बदलाव पर केंद्रित है। उनके अनुसार, मुफ्त प्रोत्साहन स्थायी समाधान नहीं हैं; टिकाऊ विकास के लिए पूंजीगत निवेश और संस्थागत क्षमता निर्माण आवश्यक है। उन्होंने इसे भारत के दीर्घकालिक विकास का एक ठोस रोडमैप बताया।

## कलकत्ता चैंबर ऑफ ट्रेड की 42वीं वार्षिक आम बैठक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता चैंबर ऑफ ट्रेड (सीसीटी) की 42वीं वार्षिक आम बैठक का सफल आयोजन शहर के पार्क होटल में किया गया। बैठक में व्यापार जगत से जुड़े कई प्रमुख सदस्य और अतिथि उपस्थित रहे। अध्यक्ष अरविंद पांडे, जिन्हें आगामी दो वर्षों के लिए पुनः अध्यक्ष चुना गया है, ने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल में व्यापार करने की सुगमता को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से नई पीढ़ी को पारिवारिक व्यवसायों से जुड़ने और उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। बैठक के दौरान अध्यक्ष फिरोज़ एच. अली ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें



उन्होंने सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम कानूनों और उनके व्यापारियों पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। महासचिव अब्दुल कादर ने सचिव की रिपोर्ट प्रस्तुत की और सदन को चैंबर की वार्षिक गतिविधियों एवं वर्तमान स्थिति की अद्यतन जानकारी दी। कोषाध्यक्ष सौरव चटर्जी ने वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। पूर्व अध्यक्ष (आईपीपी) शब्बीर हजरत को संरक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। उनका प्रशस्ति-पत्र अध्यक्ष अरविंद पांडे द्वारा पढ़ा गया तथा मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया। सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने बैठक के दौरान बंगाल में आयोजित होने वाले आगामी जीआई टैग उत्पाद सम्मेलन की जानकारी साझा की और सदस्यों से इसमें सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि राजगोपालन के प्रेरणादायक संबोधन के साथ हुआ। उन्होंने व्यवसायिक समुदाय से आगे बढ़कर सहभागिता निभाने और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

## वीआईपी रोड पर ट्रैफिक जाम से राहत, जीआरएसई का डबल लेन स्टील ब्रिज तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने कोलकाता महानगर विकास प्राधिकरण (केएमडीए) के लिए लेक टाउन, वीआईपी रोड पर 140 फीट लंबा डबल लेन मॉड्यूलर स्टील ब्रिज (एमएसबी) मात्र सात दिनों के रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। पुल का निर्माण और लॉन्चिंग 16 जनवरी 2026 को पूरा किया गया। यह कोलकाता में पहली बार स्थापित किया गया उन्नत क्लास-70 डबल लेन मॉड्यूलर स्टील ब्रिज है। भारी यातायात दबाव और सीमित कार्यक्षेत्र जैसी चुनौतियों के बावजूद जीआरएसई की विशेषज्ञ इंजीनियरों



और तकनीकी दल ने स्वदेशी डिजाइन और उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए इस परियोजना को समय से पहले पूरा किया। यह उपलब्धि शहरी बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित करती है। पुल की कुल कैरिजवे चौड़ाई 7.50 मीटर है, जो जीआरएसई द्वारा पहले केस्टोपुर नहर पर बनाए गए बेली ब्रिज की तुलना में लगभग दोगुनी है। गैल्वनाइज्ड सतह के कारण पुल की रखरखाव आवश्यकता कम होगी और इसकी सेवा आयु अधिक रहेगी। यह पुल 100 मीट्रिक टन तक के वाहनों का भार वहन करने में सक्षम है, जिससे वीआईपी रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात जाम की समस्या में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने माघ पूर्णिमा पर लगाया सेवा शिविर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति की ओर से माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर समिति के स्वर्ग आश्रम भवन तथा गंगासागर मेला



क्षेत्र में माघ पूर्णिमा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क चाय, बिस्कुट, नाश्ता और भोजन प्रदान किया गया। समिति के उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा और सचिव नंदकिशोर भूतड़ा ने बताया कि माघ पूर्णिमा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हलवा, पूरी, सब्जी, दाल, चावल, चाय और नाश्ते का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष महेन्द्र चौधरी ने कहा कि माघ पूर्णिमा सेवा शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष सभी तीर्थयात्रियों की सेवा के उद्देश्य से किया जाता है। सेवा कार्य में समाजसेवी सत्यनारायण पसारी, राजकुमार पसारी, सुशील कुमार मिमाणी, रामअधार प्रजापति, राकेश कुमार शर्मा और गिरिराज भूतड़ा सक्रिय रहे। महिला कार्यकर्ताओं में सरला भूतड़ा, सरिता पसारी, किरण चांडक, रजनी चांडक, विनीता चांडक और स्वाति चांडक सहित अनेक कार्यकर्ता सेवा कार्य में सक्रिय रहे।

# व्यापार एक्सपो 2.0 - व्यापारियों का महाकुंभ बना एक राष्ट्रीय व्यापार आंदोलन

### बिजनेस नेटवर्किंग, लीडरशिप और इनोवेशन का बना प्रभावशाली केंद्र









**कोलकाता, समाज्ञा :** व्यापार जोन द्वारा आयोजित दूसरे संस्करण व्यापार एक्सपो 2.0 - व्यापारियों का महाकुंभ का समापन ऐतिहासिक, भव्य और अत्यंत सफल रहा। यह आयोजन अब केवल कोलकाता तक सीमित प्रदर्शनी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर का सशक्त व्यापार मंच बनकर उभरा है। व्यापार एक्सपो द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इस मेगा बिजनेस इवेंट में पूरे भारत से जबरदस्त भागीदारी देखने को मिली। विभिन्न राज्यों से आए प्रदर्शक, उद्यमी, व्यापारी, एमएसएमई, निर्माता, सीईओ, संस्थापक और उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने इसे एक प्रभावशाली नेटवर्किंग और विकास मंच के रूप में सराहा। अपने दूसरे ही वर्ष में, व्यापार एक्सपो ने वह पहचान बना ली है जिसे स्थापित करने में कई आयोजनों को वर्षों लग जाते हैं। यह केवल एक एक्सपो नहीं, बल्कि व्यापार विकास, ज्ञान-साझाकरण, नेटवर्किंग, नवाचार और आपसी सहयोग का संगम साबित हुआ। एक्सपो की ब्रांडिंग, प्रचार रणनीति और व्यापक प्रभाव को उद्योग जगत, मीडिया और प्रतिभागियों से भरपूर प्रशंसा मिली। कार्यक्रम में देश के जाने-माने प्रेरक वक्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों की शानदार उपस्थिति रही, जिनमें सोनू शर्मा, डॉ. विवेक बिंद्रा, हर्षवर्धन जैन, धनंजय भाटिया, आशीष अग्रवाल, केवल किशन, वास्तु नरेश, रईस वानी, कस्तूरी केजरीवाल, हर्षी चोखानी और रिमझिम रे शामिल थे। इनके सत्रों में बिजनेस ग्रोथ, लीडरशिप, फाइनेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, ऑटोमेशन, एआई, इनोवेशन, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई, जिसने प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान और नई दृष्टि प्रदान की। तीन दिनों में 32,000 से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति ने इसे पूर्वी भारत के सबसे बड़े बिजनेस आयोजनों में शामिल कर दिया। छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक, सभी ने आयोजन की गुणवत्ता, प्रबंधन और प्रभाव की खुलकर सराहना की। उद्घाटन सत्र में एमेमाई ग्रुप के सह-अध्यक्ष राधेश्याम गोयनका की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन विवेक गुप्ता (सन्मार्ग) द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सक्सेना (डकबैग), गोपाल नरेडी (आईएसपी), मनोज गुप्ता (कम्फर्ट लेडी), दीपक अग्रवाल (आरबी ग्रुप) और अंकित मुंका (सबुरी प्लाई) सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन को कम्फर्ट लेडी, मैकॉ पेंट्स, जय




बालाजी ग्रुप, डकबैग इंडिया, नेपच्यून, पन्ना डायमंड्स, प्रीतम, रेबींन इंफोटेक, रोलैंड, स्टाइल बाजार, यूको बैंक, सबुरी प्लाई और आदित्य ग्रुप का सहयोग प्राप्त हुआ।संस्थागत सहयोगियों में एफडीआईसीसीआई कोलकाता चैप्टर, एफजीईसी, कोलकाता बज्ज, लोक संस्कृति, बंगाल एंटरप्रेन्योर इकोसिस्टम, 5 मेड मेन, एडवाइजेम ब्रांड क्रिएशन, चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री, कलकत्ता साड़ी डीलर्स एसोसिएशन, दिल्ली पब्लिक स्कूल (नॉलेज पार्टनर), आईसीएआई, आईसीएसआई, फोरम फॉर आईटी एंड डिजिटल एंटरप्रेन्योर्स, ड्राइवर्स 4 मी, जेसीआई कोलकाता चैप्टर, रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, सिटी केबल, पॉइंटर्स बिजनेस फोरम, उलुबेड़िया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, वेस्ट बंगाल गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन शामिल रहे। साथ ही, टाइम्स ऑफ इंडिया एवं सन्मार्ग का मीडिया सहयोग। सफलता के पीछे मजबूत कोर टीम इस भव्य आयोजन की सफलता के पीछे व्यापार एक्सपो की समर्पित कोर टीम का विशेष योगदान रहा - नितिन अग्रवाल, मन मोहन


सह संस्थापक मनमोहन बागड़ी एवं नितिन अग्रवाल

बागड़ी, मोहित अग्रवाल, बृज मोहन बागड़ी, रोशन अग्रवाल, करण बजोरिया, नितेश केजरीवाल, संजय अग्रवाल, जितेंद्र लाखोटिया, शुभम राज शर्मा, यशवंत पारीक, अंकुश गुप्ता, यश बिनानी, सुजीत जालान, आकाश सेठिया, निखिल दोषी, मनोज पगारिया, बिंदो विश्वकर्मा, आलोक दइया, राहुल गुप्ता, आजय बील, नितिन चतुर्वेदी, विकास बजाज, निशांत शर्मा, नीलू केडिया, पूजा मुखर्जी, स्वाति सिंह रॉय, मोहम्मद रिजवान, दीक्षा खंडेलवाल, शैलेश भंसाली, जॉय मुखर्जी, अविनाश झा और पूरी व्यापार जोन फैमिली। व्यापार एक्सपो 2.0 ने भारत में बिजनेस एक्सपो के लिए एक नया मानक स्थापित किया है और यह आयोजन अब व्यापारियों व उद्यमियों के लिए एक सशक्त राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

# केंद्रीय बजट में बंगाल को रेलवे के लिए रिकार्ड 14,205 करोड़ रुपये आवंटित, बुलेट ट्रेन की भी सौगात : रेल मंत्री

## रेल मंत्री ने कहा- हाई-स्पीड रेल कारिडोर और माल ढुलाई गलियार से बंगाल के विकास को मिलेगी रफ्तार

**❑ बंगाल सरकार पर कोलकाता के चिंगरीहाटा में मेट्रो परियोजना के काम के लिए डेढ़ साल से अनुमति नहीं देने का लगाया आरोप**




**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दावा किया कि वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में भारतीय रेल के लिए केंद्र सरकार द्वारा रिकॉर्ड 2.78 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है। केंद्रीय बजट के अगले दिन रेल मंत्री ने रेलवे के लिए बजट आवंटन की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी देने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यह बजट रेलवे के आधुनिकीकरण, क्षमता विस्तार और तेज़ कनेक्टिविटी के नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। उन्होंने दावा किया कि इस बार के केंद्रीय बजट में भी बंगाल में रेलवे के विकास के लिए रिकॉर्ड 14,205 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे राज्य में रेल परियोजनाओं को नई गति मिलेगी। केंद्र द्वारा पिछले वर्ष 2025-26 के बजट में बंगाल को रेलवे के लिए 13,955 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। रेल मंत्री ने केंद्रीय बजट में वाराणसी-पटना-सिलीगुड़ी के बीच हाई-स्पीड कॉरिडोर की घोषणा को पूर्वी भारत के लिए गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस कॉरिडोर को गुवाहाटी तक बढ़ाने की योजना है, जिससे बंगाल व पूर्वी क्षेत्र में बुलेट ट्रेन के परिचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने माल परिवहन को सशक्त बनाने के लिए बजट में बंगाल के डानकुनी से सूरत के बीच नए फ्रेट कॉरिडोर की घोषणा का भी उल्लेख किया और कहा कि दोनों प्रमुख कारिडोर बंगाल के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि फ्रेट कॉरिडोर कई राज्यों को जोड़ेगा और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा। रेल मंत्री यह दावा भी किया कि यात्री सेवाओं के विस्तार के तहत पश्चिम बंगाल में पिछले वर्ष एक दर्जन से अधिक नई ट्रेनों की शुरुआत की गई। वहीं, कोलकाता मेट्रो नेटवर्क में 2014 के बाद 45 किलोमीटर नई लाइनें जुड़ी हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि 1972 से 2014 के दौरान कोलकाता मेट्रो के मात्र 28 किलोमीटर ट्रैक बने थे, जबकि 2014 से अब तक मोदी सरकार के दौरान पिछले करीब 12 वर्षों में 45 किलोमीटर नई लाइनें जुड़ी हैं।

वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2009-2014 के दौरान बंगाल के लिए औसत रेलवे बजट परिव्यय केवल 4,380 करोड़ था। उन्होंने दावा किया कि पहले की यूपीए सरकार की तुलना में बंगाल का रेलवे मद में बजट आवंटन में लगभग तीन गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने आगे कहा कि अमृत स्टेशन योजना के तहत राज्य के 100 से अधिक स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

**✒ बंगाल सरकार पर रेलवे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग नहीं करने का आरोप**

रेल मंत्री ने इस दौरान आरोप लगाया कि दुर्भाग्य से बंगाल सरकार रेलवे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में यहां सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद बंगाल सरकार कोलकाता के चिंगरीहाटा में मेट्रो परियोजना के काम के लिए अनुमति नहीं दे रही है, जिससे लगभग डेढ़ वर्ष से वहां काम ठप है। उन्होंने बंगाल सरकार से रेलवे परियोजनाओं के काम में सहयोग की अपील की। रेल मंत्री की वर्चुअल प्रेस वार्ता के दौरान यहां पूर्व रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक (जीएम) मिलिंद देउस्कर व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बाद में जीएम ने भी मीडिया से चर्चा की और सवालों के जवाब दिए। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि राज्य में 92,974 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम जारी है, जिनमें नई रेल पटरियों का निर्माण, स्टेशनों का पुनर्विकास और सुरक्षा से जुड़े कार्य शामिल हैं।

पूर्व रेलवे के एक अधिकारी बताया कि स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को 105 रूट किलोमीटर में लागू किया जा चुका है, जबकि कुल स्वीकृत 3,200 रूट किलोमीटर में से 1,041 रूट किलोमीटर पर कार्य या निविदा प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। वर्ष 2014 के बाद से 1,712 किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया गया है।



दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा रेलवे बजट को लेकर मीडिया को संबोधित करते हुए



रेलवे बजट की जानकारी पत्रकारों को देते पूर्व रेलवे के जीएम मिलिंद के. देवस्कर

## हेरिटेज इंस्टिट्यूट में लॉफबोरो यूनिवर्सिटी ने शुरू किया चार सप्ताह का समर रिसर्च प्रोग्राम



**कोलकाता, समाज्ञा :** यूनाइटेड किंगडम के लॉफबोरो यूनिवर्सिटी ने हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का दौरा किया और योग्य छात्रों के लिए एक रोमांचक चार सप्ताह का समर रिसर्च प्रोग्राम शुरू किया। इस साझेदारी के तहत चयनित छात्रों को वैश्विक स्तर के शोध अनुभव, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और विशेषज्ञ मार्गदर्शन का अवसर मिलेगा। लॉफबोरो यूनिवर्सिटी को ब्रिटेन के शीर्ष विश्वविद्यालयों में गिना जाता है। यह अकादमिक उत्कृष्टता, शोध प्रभाव और छात्रों के उत्कृष्ट अनुभव के लिए जाना जाता है। विश्वविद्यालय ने कंप्लीट यूनिवर्सिटी गाइड 2026 में 130 संस्थानों में से 7वां स्थान हासिल किया है। 2021 के रिसर्च एक्सीलेंस फ्रेमवर्क में इसके 90% शोध कार्य को विश्व-स्तरीय या अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्ट घोषित किया गया। विश्वविद्यालय खेल विज्ञान में विश्व स्तर पर 1 रैंक प्राप्त कर चुका है और क्यूएस स्टार रेटिंग में फाइव स्टार प्लस रेटिंग हासिल की है। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, यह सहयोग हेरिटेज इंस्टिट्यूट के शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने, अकादमिक सीमाओं का विस्तार करने और छात्रों को वैश्विक दक्षताओं से सशक्त बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। लॉफबोरो यूनिवर्सिटी के सीनियर लेक्चरर डॉ. सौरभ घोष ने कहा, हेरिटेज इंस्टिट्यूट के साथ यह सहयोग उच्च-गुणवत्ता के शोध, नवाचार और वैश्विक अकादमिक जुड़ाव के हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है। समर रिसर्च प्रोग्राम छात्रों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और व्यावहारिक शोध कौशल विकसित करने का अवसर देगा। कार्यक्रम में हेरिटेज ग्रुप के प्रिंसिपल एडवाइसर प्रो. सोविक भट्टाचार्य, हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सह-प्रोफेसर प्रोफेसर मौसिकी कर और हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के जॉइंट रजिस्ट्रार प्रोफेसर संदीप चटर्जी की भी उपस्थिति रही।

## उत्तरपाड़ा के भद्रकाली इलाके में महिला से बैग व मोबाइल की छिनतई

**✒ सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

**हुगली, समाज्ञा :** उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र में एक बार फिर दिनदहाड़े छिनतई की घटना सामने आई है। उत्तरपाड़ा के भद्रकाली इलाके में एक महिला से बैग और मोबाइल फोन छीनकर बाइक सवार दो युवक फरार हो गए घटना को लेकर इलाके में दहशत फैल गई है। पीड़िता ने उत्तरपाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, उत्तरपाड़ा नगरपालिका के 8 नंबर वार्ड अंतर्गत हरिश मुखर्जी रोड से पूजा कर प्रसाद लेकर कुछ अन्य महिलाओं के साथ पीड़िता अपने परिचित के घर से लौट रही थीं। उसी समय एक बाइक पर सवार दो युवक काफी देर तक उनका पीछा करते हैं। मौका पाकर पीछे से तेज रफ्तार में आकर महिला के हाथ से बैग छीन लिया और जीटी रोड की ओर तेज गति से बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने शोर मचाते हुए उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार बाइक जीटी रोड होते हुए निकल गई।



हाल के दिनों में उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र में लगातार चोरी और छिनतई की घटनाओं से स्थानीय लोग बेहद चिंतित हैं। दिन के उजाले में महिलाओं से बैग और मोबाइल छिनने की घटनाओं को लेकर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि जब दिनदहाड़े ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तब पुलिस प्रशासन की सतर्कता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

इधर, घटना के बाद उत्तरपाड़ा थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खबर मिलते ही पीसी टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के सहारे जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस छिनतई की घटना ने एक बार फिर उत्तरपाड़ा इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## हुगली जिले में माध्यमिक परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण ढंग से शुरू



**✒ छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक**

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में माध्यमिक परीक्षा 2026 की शुरुआत सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण माहौल में हुई। इस वर्ष जिले में माध्यमिक परीक्षार्थियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 3,345 अधिक है। खास बात यह है कि इस बार छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या लगभग 5,000 अधिक है। चालू वर्ष में जिले में कुल 55,647 परीक्षार्थी माध्यमिक परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा के लिए जिले के 51 मुख्य वेन्यू के अंतर्गत 145 स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र में न्यूनतम तीन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा सीक रूम की भी व्यवस्था की गई है। परीक्षा की शुरुआत सुबह 10:45 बजे हुई। पहले दिन परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्रों के मुख्य प्रवेश द्वार सुबह 9:45 बजे, यानी परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले खोल दिए गए। जिला उच्च शिक्षा व स्कूल निरीक्षक सत्यजीत मंडल तथा हुगली जिला माध्यमिक परीक्षा 2026 के संयुक्त संयोजक शुभेंदु गड़ाई ने भी कई परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिले भर में कड़ी सुरक्षा और सुव्यवस्थित प्रबंधन के बीच माध्यमिक परीक्षा का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के कर्मचारियों के निलंबन के खिलाफ पांचवें दिन विरोध सभा




**कोलकाता, समाज्ञा :** मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के 9 कर्मचारियों के निलंबन के खिलाफ अस्पताल परिसर के बाहर पांचवे दिन विरोध सभा आयोजित की गई। सभा को श्रमिक एकता का प्रतीक बताते हुए संबोधित किया गया। इस विरोध सभा में अस्पताल मैनेजमेंट के कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में बद्री नारायण मिश्रा, भोला यादव, रविंद्र तिवारी, संजय पाठक, प्रभात तिवारी, कमर इलाही, ददन सिंह, कृष्ण कुमार पांडेय, अंजनी दुबे, एलेन बैरी यूनियन के महासचिव अशोक मिश्रा, दीपक सिंह, अमर पांडेय, विकास यादव, मनीष तिवारी, लक्ष्मीकांत पांडेय, रेल श्रमिक नेता भरत सरदार, विकास यादव, स्वयं प्रकाश राय, संतोष सिंह, बाबू नंद पाण्डेय, अमित सिंह, संदीप पाण्डेय, आर.जी. कर अस्पताल से हीरा राम, रवि शर्मा, मुन्ना महतो, उदय यादव, संजय सिंह, अजित साह, भोला भाई, मुनेश पांडेय, शैलेन्द्र सिंह, पवन कुमार सिंह, शंभू नाथ पंडित अस्पताल से विकास सिंह, अरूण सिंह, प्रदीप मिश्र, बिजेंद्र प्रसाद सिंह, सरोज मिश्रा, अशोक गुप्ता, शंकरी साहा, मंहगू सिंह, शंकर चौधरी, सुरेश सिंह, श्रीराम शर्मा, सुशांत कानारार, हेमंत शर्मा, अमर चौधरी, बबलू सिंह उपस्थित हुए। समर्थन देने के लिए उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ समर्थन देते हुए कहा कि किसी भी शर्त पर निष्कासित किया गये कर्मचारियों को जल्द ही ज्वाइन करवाना पड़ेगा। कार्यक्रम में सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष श्रमिक नेता संतोष सिंह ने किया। दिन प्रति दिन लगातार श्रमिकों के प्रयास से मैंनेजमेट के विरोध में आवाज मजबूत होता जा रहा है।

## श्री बेलूर ब्राह्मण पंचायत एवं नागरिक स्वास्थ्य संघ का सेवा कार्य




**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री बेलूर ब्राह्मण पंचायत एवं नागरिक स्वास्थ्य संघ के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी आनन्द शर्मा, बिमल पारीक, विकास चन्द चांडक के मार्गदर्शन में आयोजित सेवा शिविर में 315 नागरिकों का नेत्र परीक्षण कर 155 नागरिकों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। सज्जन सहल ने बताया कि 60 नागरिकों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। सैकड़ों नागरिकों का ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समाजसेवी शुभकरण मंगलहारा, महेश हरितवाल, किशन चौमाल, रामगोपाल पीपलवा, अनिल गंगावत एवं अतिथियों का स्वागत संयोजक राजेश चोटिया, सज्जन मंगलहारा, संजय शर्मा, राजकुमार शर्मा, श्रवण सहल, संजय तिवारी, कमलेश शर्मा, कमल चोटिया, उमेश शुक्ला एवं कार्यकर्ताओं ने किया।

## जैन लीजेंड्स क्रिकेट कप सीजन 2 का सफल आयोजन, पटावरी हिटर्स बनी विजेता

**हावड़ा, समाज्ञा :** जैन लीजेंड्स क्रिकेट कप सीजन 2 का ट्रिफ स्पोर्ट्स एकेडमी, साउथ हावड़ा में सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया और पूरे टूर्नामेंट के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फाइनल मुकाबला बजरंग डागा की टीम डागा ड्रेडविल्स और बसंत पटावरी की टीम पटावरी हिटर्स के बीच खेला गया। कड़े संघर्ष वाले इस मुकाबले में पटावरी हिटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के दौरान साउथ हावड़ा के लक्ष्मीपत बाफना, संजय नाहटा, अशोक कोठारी, निर्मल बेंगाणी, मालचंद नाहटा, सुशील सुराणा, बजरंग डागा, मोना पींचा और, लक्ष्मी गिडीया सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय



उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में मनोज कोचर, कपिल धारीवाल, पवन बेंगाणी और जितेंद्र तातेड़ का विशेष योगदान रहा, जिनके अथक प्रयासों से टूर्नामेंट का संचालन सुचारु रूप से संपन्न हुआ।

## लकड़ी की नक्काशी में बीएसएफ डीआइजी मनोरंजन कुमार का जलवा



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के मेघालय फ्रंटियर में डीआइजी मनोरंजन कुमार द्वारा लकड़ी पर नक्काशी कर तैयार कलाकृतियों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर शिलांग स्थित लोक भवन (गवर्नर हाउस) में प्रदर्शित किया गया। इस मौके पर मेघालय के राज्यपाल सीएच विजयशंकर ने बीएसएफ डीआइजी की लकड़ी पर अद्भुत नक्काशी के काम की सराहना की। मनोरंजन कुमार की यह अद्वितीय कलाकृति ने लोक भवन में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सभी का ध्यान आकर्षित किया। बीएसएफ डीआइजी मनोरंजन कुमार लकड़ी पर नक्काशी के काम के लिए जाने जाते हैं। सरकारी ड्यूटी के बाद जब भी उन्हें थोड़ा भी समय मिलता है तो वह अपने पसंदीदा लकड़ी पर नक्काशी के काम में जुट जाते हैं। कुमार काफी समय बंगाल में भी तैनात रहे हैं।

## गोघाट में भाजपा के बैनर पोस्टर जलाने का आरोप तृणमूल ने किया इंकार

**हुगली, समाज्ञा :** चुनाव से पहले राजनीतिक हिंसा के लिए सुर्खियों में रहने वाला आरामबाग महकमा एक बार फिर राजनीतिक हिंसा की याद में सुलगने लगा है। गोघाट में भाजपा के पार्टी झंडे और नेताओं की तस्वीरों वाले बैनर जलाए जाने से राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। भाजपा ने इस घटना के लिए कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही भाजपा नेत्री डोलन दास मौके पर पहुंचीं और विरोध के दौरान गाली-गलौज व धमकी मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने गोघाट थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भक्ति और सेवा भाव के साथ हावड़ा में मनाया गया मां शीतला स्नान महोत्सव

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा क्षेत्र में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला मां शीतला स्नान से जुड़ा पुण्य कार्यक्रम इस वर्ष भी 1 फरवरी को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन का वातावरण अत्यंत आकर्षक और भक्तिमय रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह समिति ने अखिल भारतीय जायसवाल युवा मंच, हावड़ा के सहयोग से किया। दोनों संगठनों ने मिलकर पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला। समारोह में अध्यक्ष विकास जायसवाल, महामंत्री आकाश जायसवाल, कप्तान रतन जायसवाल, संयुक्त मंत्री मनोहर जायसवाल, मनोज गुप्ता, केस्टो साव, रमेश जायसवाल और राजीव जायसवाल, संस्था के सदस्य विजय जायसवाल,




सचिन जायसवाल ने भी तन, मन और धन से सहयोग दिया। अखिल भारतीय जायसवाल युवा मंच, हावड़ा से अध्यक्ष नवीन जायसवाल, सचिव दीप कुमार साव, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, राजेंद्र गुप्ता, विशाल साव, क्रिस्टो साव, रोहित साव, सिद्धार्थ जायसवाल, अनिल जायसवाल, हनुमान जायसवाल, गौतम जायसवाल, अनूप साव, संदीप जायसवाल, नमन साव, जयंत जायसवाल, लक्ष्य जायसवाल, विजय जायसवाल, अजय जायसवाल, विहान जायसवाल, अभिजीत जायसवाल ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मातृशक्ति की भी सराहनीय भागीदारी रही, जिनमें नेहा साव, प्रियंका साव, रूही जायसवाल, विनीता जायसवाल और संध्या जायसवाल शामिल रहीं। समारोह की शुरुआत वरिष्ठ समाजसेविका पूजा साव और विकास जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आयोजन के दौरान व्रतधारियों के लिए नारियल पानी और चाय, तथा बच्चों के लिए बिस्किट, चॉकलेट, जूस और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

## तटरक्षक बल की संरक्षण पहल से ओलिव रिडले प्रजाति के समुद्री कछुए की संख्या में वृद्धि

### तटरक्षक कमांडर का दावा- पिछले कुछ वर्षों में इस कछुए के संरक्षण के लिए कई पहल की गईं

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय तटरक्षक बल (आइसीजी) की संरक्षण पहल से ओलिव रिडले प्रजाति के समुद्री कछुए की संख्या में वृद्धि हुई है। तटरक्षक बल के उत्तर- पूर्व (एनई) क्षेत्र के कमांडर व आईजी इबकाल सिंह चौहान ने इसका दावा करते हुए कहा कि ओलिव रिडले कछुए के संरक्षण के लिए हमारी पहल आगे भी जारी रहेगी। चौहान ने कहा कि हम समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं और मछुआरों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि समुद्री कछुए की मृत्यु को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि ओडिशा के गहिरमाथा समुद्र तट पर हर साल नवंबर से जनवरी के बीच संरक्षित श्रेणी के इस कछुए का आगमन होता है, जिसमें हजारों कछुए समुद्र से



निकलकर तट पर आते हैं और अपने अंडे देते हैं। इस प्रक्रिया में, वे अपने जन्मस्थान पर वापस आते हैं और अपने अंडे देने के लिए एक सुरक्षित स्थान चुनते हैं। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल ने पिछले कुछ वर्षों में ओलिव रिडले कछुए के संरक्षण के लिए कई पहल की हैं। बल ने समुद्र में इस कछुए की मृत्यु को रोकने के लिए समुद्री संरक्षण कार्यक्रम चलाए हैं और मछुआरों को प्रशिक्षित किया है। बताते चलें कि भारतीय तटरक्षक बल रविवार, एक फरवरी को अपना 50वां स्थापना दिवस मना रहा है। तटरक्षक बल के उत्तर- पूर्व क्षेत्र का मुख्यालय कोलकाता में ही है।

तटरक्षक कमांडर के अनुसार, पिछले साल नवंबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच, आइसीजी के जहाजों ने 211 दिनों के लिए समुद्र में गश्त की और आइसीजी के विमानों ने 161 घंटे 20 मिनट के लिए उड़ान भरी। इस दौरान, रिशिकुलिया और देवी नदी के मुहाने पर ओलिव रिडले प्रजाति के कछुओं द्वारा पांच लाख 55 हजार से अधिक अंडे सुरक्षित रूप से दिए गए। ओलिव रिडले कछुए को भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित प्रजाति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो उन्हें अवैध शिकार, तस्करी और व्यापार से बचाता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने समुद्री संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना के माध्यम से संरक्षण उपायों को लागू किया है। तटरक्षक कमांडर ने जोर देकर कहा कि इस समुद्री कछुए के संरक्षण के लिए हमारी पहल जारी रहेगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मऊ में व्यक्ति की गला रेत कर हत्या, पुलिस ने जांच शुरू की

**मऊ:** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में सोमवार को एक खेत में 54 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना सरायलाखंसी इलाके के गर्थोली गांव की है और व्यक्ति की गला रेतकर हत्या की गई थी। पुलिस के मुताबिक, खेत में काम कर रही महिलाओं ने शव देखा और शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में गांव वाले मौके पर जमा हो गए और पुलिस को घटना की सूचना दी गयी। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान शिववचन कुमार के रूप में हुई है। कुमार ने बताया, शिववचन रविवार शाम को किसी काम के लिए घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। उनका शव सोमवार दोपहर को खेत में मिला। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि व्यक्ति का गला रेता गया था और उसके हाथ व पैरों पर भी चोट के निशान थे। अधिकारी ने बताया, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। टीमें बनाकर हमलावरों की पहचान करने और उन्हें ढूंढने की कोशिश की जा रही है।

### संभल जामा मस्जिद ने रमजान से पहले लाउडस्पीकर लगाने के लिए इजाजत मांगी

**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल की शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष ने आगामी रमजान महीने से पहले मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने की इजाजत के लिए सोमवार को जिलाधिकारी को पत्र लिखा। शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली ने पत्र में कहा कि रमजान के दौरान लाउडस्पीकर की जरूरत है ताकि मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले सभी नमाजियों को इमाम की आवाज साफ सुनाई दे। अली ने पत्रकारों से कहा कि 18 फरवरी से रमजान का महीना शुरू होने वाला है इसलिए मस्जिद में लाउडस्पीकर की जरूरत है ताकि इमाम द्वारा मस्जिद के अंदर दी जाने वाली नमाज और तकरीरें मस्जिद के अंदर दूर बैठे लोगों तक भी पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि यह मांग इमाम व नमाज़ियों के बीच किसी भी तरह की गलतफहमी से बचने के लिए की गई है और रमजान की नमाज के दौरान इसकी जरूरत बताते हुए सरकारी नियमों के अनुसार इजाजत लेने का अनुरोध किया गया है। फरवरी 2025 में सार्वजनिक जगहों पर ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सरकार के आदेश पर हुई कार्रवाई के बीच मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटा दिए गए थे।

# कब्जा बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर निरंतर कड़ी कार्रवाई करें अधिकारी: मुख्यमंत्री योगी

### भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर से तेजी से आगे बढ़ा है। केंद्रीय बजट की विशेषताओं को लेकर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने 'दूरदर्शी' बजट प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहला बजट है जो कर्तव्य भवन से तैयार होकर सामने आया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यह बजट हर भारतीय को अपने कर्तव्यों का बोध कराता है और इसमें भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। योगी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश की 25 करोड़ से अधिक आबादी गरीबी रेखा से बाहर निकलकर भारत की प्रगति में अपना योगदान दे रही है।



### प्रधानमंत्री मोदी इसी माह कर सकते हैं नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन संभवत: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी माह कर सकते हैं। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमारा हवाई अड्डा तैयार है। हवाई अड्डे के लाइसेंस से संबंधित औपचारिकताएं अंतिम चरण में हैं। मुझे विश्वास है कि इसी माह प्रधानमंत्री द्वारा हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा। यह हवाई अड्डा राज्य का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित की जा रही एक 'ग्रीनफील्ड' परियोजना है। लगभग 1,300 हेक्टेयर में फैली इस परियोजना का पहला चरण सितंबर 2024 में शुरू होना था, लेकिन काम पूरा नहीं होने के कारण ऐसा नहीं हो सका और कई बार इसकी समयसीमा बढ़ाई गई।

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि किसी की संपत्ति पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में एक-एक कर सभी फरियादियों से मुलाकात की, उनके प्रार्थना पत्र लेकर समस्याओं के त्वरित व उचित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों, राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए लोगों की समस्याएं सुनें और जांच के बाद दोषियों पर कठोर कार्रवाई करें। 'जनता दर्शन' में पहुंची एक बच्ची ने मुख्यमंत्री को सलाम किया, जिस पर योगी आदित्यनाथ ने उसे आशीर्वाद देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी। 'जनता दर्शन' के दौरान अवैध कब्जे से जुड़े कई प्रकरण भी सामने आए। मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बातें सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपदों में तैनात अधिकारियों से भी कहा कि वे स्थानीय स्तर पर समस्याएं सुनकर पीड़ितों को न्याय दिलाएं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। जनता दर्शन में एक महिला अपने बच्चे के साथ पहुंचीं जिसने मुख्यमंत्री से बच्चे के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। बयान के मुताबिक, 'जनता दर्शन' में मां के संग आई एक बच्ची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कविता सुनाई।

### बिहार: राजग के सहयोगी दलों के नेताओं ने केंद्रीय बजट की सराहना की

**पटना:** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी सहयोगी दलों के नेताओं ने सोमवार को केंद्रीय बजट 2026-27 को समावेशी और विकासोन्मुख बताते हुए केंद्र सरकार की जमकर सराहना की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष संजय सरावगी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किए जाने के एक दिन बाद आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट निर्यात बढ़ाने और आयात घटाने पर केंद्रित है, जिससे देश और अधिक मजबूत होगा। सरावगी ने कहा कि बजट में 'वीबी जी राम जी' अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए 95,692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे बिहार सहित ग्रामीण राज्यों को लाभ मिलेगा। उन्होंने देश में दो समर्पित जहाज मरम्मत हब विकसित करने के सरकार के निर्णय की भी सराहना की, जिनमें से एक बिहार में स्थापित किया जाएगा। सरावगी ने कहा कि इससे अंतर्देशीय जल परिवहन को मजबूती मिलेगी, नए उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और तकनीकी व गैर-तकनीकी दोनों तरह के रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों को परिचालन में लाने का प्रस्ताव किया गया है जबकि वाराणसी-सिलीगुड़ी उच्च गति रेल कॉरिडोर का प्रस्ताव भी रखा गया है, जो बिहार से होकर गुजरेगा।

## न्यूज अपडेट

### देश की सीमाओं की सच्चाई को छिपा नहीं सकती भाजपा: अशोक गहलोत



जयपुर: राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर सोमवार को निशाना साधते हुए कहा कि वह 'खोखले राष्ट्रवाद' की आड़ में देश की सीमाओं की सच्चाई को छिपा नहीं सकती। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को एक पूर्व सेना प्रमुख के संस्मरण का हवाला देते हुए चीन का विषय उठाना चाहा था। इसको लेकर सदन में हंगामा हुआ और कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। गहलोत ने इस संदर्भ में कहा,'भाजपा राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में सच सुनने से इतना क्यों डर रही है?' उन्होंने 'एक्स' पर लिखा,'आज लोकसभा में जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब का हवाला देते हुए चीनी घुसपैठ का मुद्दा उठाया तो पूरी भाजपा सरकार 'पैनिक मोड' में चली गई।'

### रांची: युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**रांची:** शहर के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि जान देने की कोशिश करने वाली उसकी मां तथा बहन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना अरगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कटू न्यू एजी कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक मिहिर अखोरी 24 वर्ष का था। उसकी मां स्नेहा अखोरी (50) और नाबालिग बहन का एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अरगोड़ा थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने कहा कि महिला और उसकी बेटी ने कुछ दवाइयां खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जबकि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि परिवार को कुछ वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

### बिहार: व्हीलचेयर पर बैठ विधानसभा पहुंचे तेजस्वी यादव



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव सोमवार को व्हीलचेयर पर बिहार विधानसभा पहुंचे। उन्होंने बताया कि पैर के अंगूठे में चोट लगने के कारण उन्हें चलने में दिक्कत हो रही है। राज्यपाल द्वारा बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों को संबोधित किये जाने के बाद 36 वर्षीय नेता प्रतिपक्ष पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे बाएं पैर के बड़े अंगूठे में हाल ही में चोट लग गई थी। नाखून को शल्य चिकित्सा के जरिए हटाना पड़ा। इसके कारण चलना मुश्किल हो गया है। तेजस्वी यादव को हाल ही में पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने राज्य की नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार द्वारा तैयार किया गया था और इसमें विकास की गुलाबी तस्वीर पेश की गई, जबकि विकास के अधिकांश सूचकों में बिहार कई अन्य राज्यों से पीछे है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, सरकार इस बात पर चुप है कि ऐसा क्यों है, जबकि हमारे मुख्यमंत्री पिछले 20 साल से सत्ता में हैं। इसके अलावा दुष्कर्म, हत्याएं व अन्य अपराध लगातार हो रहे हैं और सरकार का कानून-व्यवस्था का दावा खोखला साबित हो रहा है। बिहार में 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व कर रही राजद के कार्यकारी अध्यक्ष ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर भी निशाना साधा।

### बिहार का सबसे समृद्ध जिला पटना, सबसे गरीब शिवहर: आर्थिक सर्वेक्षण

**पटना:** बिहार का सबसे समृद्ध जिला पटना है जबकि सबसे गरीब जिला शिवहर है। बिहार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में यह जानकारी सामने आई है। सर्वेक्षण के मुताबिक, अमीरी के मामले में पटना के बाद दूसरे स्थान पर बेगूसराय और तीसरे स्थान पर मुंगेर जिला है। वहीं गरीबी के मामले में शिवहर के बाद अररिया दूसरे और सीतामढ़ी तीसरे स्थान पर है। सर्वेक्षण में बताया गया कि राज्य की औसत प्रति व्यक्ति आय 76,490 रुपये है, जबकि पटना की प्रति व्यक्ति आय 1,31,332 रुपये दर्ज की गई है। वहीं बेगूसराय में प्रति व्यक्ति आय 61,566 रुपये और मुंगेर में 54,469 रुपये है। सर्वेक्षण में प्रति व्यक्ति आय के आधार पर राज्य के सभी 38 जिलों की रैंकिंग जारी की गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक, बिहार के तीन सबसे समृद्ध जिले पटना (1,31,332 रुपये), बेगूसराय (61,566 रुपये) और मुंगेर (54,469 रुपये) हैं, जहां प्रति व्यक्ति आय राज्य में सबसे अधिक है।

## ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम 'वीबी जी राम जी' योजना: मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) कानून को ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूती मिलेगी। शर्मा, यहां सरपंच संघ द्वारा आयोजित निवर्तमान सरपंच ( प्रशासक) प्रदेश अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'वीबी जी राम जी' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह कानून ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा, इसके माध्यम से मनरेगा की अनियमितताओं को दूर किया गया है। इसके अंतर्गत स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण हो सकेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूती मिलेगी। इस



कानून में रोजगार की गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, शर्मा ने कहा कि सरपंच गांवों की लोकतांत्रिक शक्ति के प्रतीक हैं और वे विकास की धुरी हैं, जिनके समर्पण भाव से किए गए कार्यों से ग्रामीण परिवारों के जीवन में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि सरकारें नीतियां और योजनाएं बनाती हैं लेकिन उन्हें ग्राम स्तर तक क्रियान्वित करने का सशक्त माध्यम सरपंच ही होते हैं।

## दुबई में फंसे 14 प्रवासी श्रमिकों ने झारखंड सरकार से सुरक्षित वापसी की अपील की

**रांची:** दुबई में कथित तौर पर वेतन न मिलने के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे झारखंड के विभिन्न जिलों के लगभग 14 प्रवासी श्रमिकों ने राज्य सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम लीडर शिखा लाकरा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्हें गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 14 प्रवासी श्रमिकों के बारे में जानकारी मिली है, जिन्होंने एक वीडियो भेजकर आरोप लगाया है कि निजी कंपनी ने उन्हें वेतन नहीं दिया है और उन्हें जबरन अतिरिक्त समय ('ओवरटाइम') तक काम करने के



लिए मजबूर किया जा रहा है। लाकरा ने कहा, 'इससे उन्हें आवास और भोजन की समस्या हो रही है। फंसे हुए मजदूरों ने अपनी दुर्दशा बताने के साथ ही सरकार से मदद की अपील करते हुए एक वीडियो भेजा है। उन्होंने यह वीडियो सिकंदर अली को भेजा है जो प्रवासी श्रमिकों के कल्याण के लिए काम करते हैं।' अधिकारी ने कहा, 'हम प्रवासी श्रमिकों से बात करने का प्रयास करेंगे और उन्हें सुरक्षित स्वदेश वापस लाने के मकसद से भारतीय दूतावास तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार के अधिकारियों से वार्ता प्रक्रिया शुरू करेंगे।' दुबई में फंसे मजदूरों में रोशन कुमार और अजय कुमार (दोनों गिरिडीह के सरिया निवासी), गिरिडीह के बगोदर निवासी राजेश महतो और अजय कुमार, बोकारो के पेंक नारायणपुर निवासी दलेश्वर महतो, खेदाडीह निवासी जागेश्वर महतो और फलेंद्र महतो, सिरैया निवासी बैजनाथ महतो, बसरिया निवासी दिलीप महतो, गंगाधर महतो, त्रिलोकी महतो और दीपक कुमार तथा गोरहर के रोहित महतो और सेवा महतो शामिल हैं।

### गोरखपुर में 'लिव-इन' में रह चुकी महिला की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पुलिस ने सह जीवन (लिव-इन) संबंध में रही महिला की कथित तौर पर हत्या करने और शव को निर्वस्त्र कर पुल से नीचे फेंकने के लिए एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और ससुर को सोमवार को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान मुंबई की रहने वाली प्रिया शेट्टी (35) के रूप में हुई और आरोपी विजय कुमार साहनी ने उसकी गला घोंटकर हत्या की थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने बाद में शव को निर्वस्त्र कर दिया, ईंट से उसका चेहरा कुचल दिया और उसकी पहचान छिपाने की कोशिश में बरघट्टा पुल के नीचे करीब 20 फुट नीचे फेंक दिया गया।

समाज्ञा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**05.02.2026 : संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत**

**08.02.2026 : भानुसप्तमी पर्व**

**09.02.2026 : सीताष्टमी व्रत**

**जानकी प्राकट्योत्सव**

## सोमवार के दिन न करें इन चीजों का सेवन

सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन खान-पान को लेकर कुछ खास नियमों का पालन करना बेहद जरूरी माना जाता है। मान्यता है कि सोमवार को सही आहार अपनाने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है, जबकि गलत भोजन से बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि सोमवार को कौन-सी चीजें खाना शुभ माना जाता है और किन खाद्य पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए।

**सोमवार को क्या खाना चाहिए**

1. सफेद रंग के खाद्य पदार्थ- सोमवार को दूध, दही, चावल, नारियल, मिश्री, खीर और सफेद मिठाइयों का सेवन शुभ माना जाता है। सफेद रंग शांति, पवित्रता और सौम्यता का प्रतीक है, जो भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

2. सात्विक और हल्का भोजन- इस दिन ताजे फल, हरी सब्जियां, सलाद और पौष्टिक आहार लेना उत्तम माना जाता है। ऐसा भोजन शरीर को हल्का रखता है और मन को शांत करता है।

3. गंगा जल से बना भोजन- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यदि संभव हो तो भोजन तैयार करते समय गंगा जल का प्रयोग करना शुभ फल देता है, क्योंकि इसे अत्यंत पवित्र माना गया है।

4. बेल पत्र और तुलसी- पूजा के पश्चात बेल पत्र और तुलसी के पत्तों का सेवन करना लाभकारी माना जाता है। यह धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है।

**सोमवार को किन चीजों से बचें**

1. नमक का कम सेवन- सोमवार के व्रत में कई लोग नमक का त्याग करते हैं। मान्यता है कि इस दिन नमक न खाने या कम खाने से शिव कृपा बनी रहती है।

2. मांस और शराब- मांसाहार, मछली और शराब जैसी तामसिक चीजों से सोमवार को दूर रहना चाहिए। ये न केवल धार्मिक रूप से वर्जित मानी जाती हैं, बल्कि सेहत के लिए भी नुकसानदेह हैं।

3. लहसुन और प्याज- लहसुन-प्याज को तामसिक भोजन की श्रेणी में रखा जाता है, इसलिए सोमवार को इनका सेवन करने से बचने की सलाह दी जाती है।

4. अधिक तला-भुना खाना- ज्यादा तैलीय और मसालेदार भोजन इस दिन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में भारीपन और आलस्य बढ़ता है।

**सोमवार को करें ये सरल उपाय**


- सुबह स्नान के बाद शिवलिंग पर दूध, दही, शहद और गंगा जल से अभिषेक करें।
- 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जाप करें।
- जरूरतमंदों को सफेद वस्त्र, चावल या मिठाई का दान करें।

## वर्षों बाद महाशिवरात्रि पर ये खास संयोग, इन चीजों को चढ़ाने से शीघ्र प्रसन्न होंगे महादेव

हर साल महाशिवरात्रि फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती हैं। यह पावन पर्व भगवान शिव की कृपा और माता पार्वती को प्रसन्न करने का सर्वश्रेष्ठ अवसर है। मान्यता है कि, यह तिथि प्रभु और देवी के दिव्य मिलन के रूप में पूजी जाती है। शास्त्रों के मुताबिक, इस दिन की गई पूजा-अर्चना, जप और व्रत से महादेव शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। साथ ही कन्याओं की मनचाहा साथी पाने की इच्छा भी पूरी होती हैं। इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन ग्रहों की युति के साथ-साथ कई शक्तिशाली शुभ योगों का भी संयोग बना रहेगा। ऐसे में महादेव को केवल यह तीन चीजें चढ़ाने से शिव जी की कृपा प्राप्त हो सकती हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

**कब मनाई जाएगी महाशिवरात्रि**

ज्योतिषियों के मुताबिक, इस साल फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5 बजकर 4 मिनट पर प्रारंभ होगी। इस तिथि का समापन 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर होगा। ऐसे में महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी।



**महाशिवरात्रि 4 प्रहर पूजा मुहूर्त**

**रात्रि प्रथम प्रहर पूजा समय** - शाम 06:39 से 09:45

**रात्रि द्वितीय प्रहर पूजा समय** -शाम 09:45 से 12:52

**रात्रि तृतीय प्रहर पूजा समय** - सुबह 12:52 से 03:59

**रात्रि चतुर्थ प्रहर पूजा समय** - सुबह 03:59 से 07:06

**महाशिवरात्रि 2026**

**विशेष संयोग**

महाशिवरात्रि के दिन सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजकर 48 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। इसके बाद उत्तराषाढा नक्षत्र शाम 7. 48 तक रहने वाला है। इसके बाद श्रवण नक्षत्र का शुभारंग होगा, जो अगले दिन 16 फरवरी को 8. 47 तक बना रहेगा। महाशिवरात्रि पर व्यतीपात योग पूरे दिन बना रहेगा। इस दिन निशिता काल रात 11 बजकर 52 मिनट से लेकर रात 12:42 तक रहेगा। हालांकि, दोपहर 12 बजकर 13 मिनट से 12:57 तक अभिजीत मुहूर्त रहने वाला है। अमृतकाल दोपहर 12:59 से 14:41 तक रहेगा।

**शिवलिंग पर चढ़ाएं ये 3 खास चीजें**

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर शिवलिंग की पूजा करें। इस दौरान प्रभु को 11 बेलपत्र चढ़ाएं। इस दौरान बेलपत्र का चिकना हिस्सा नीचे की ओर रखें। ऐसा करना शुभ होता है। इससे भगवान शिव शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं।

शास्त्रों के मुताबिक, धतूरे के फल और भांग महादेव के प्रिय भोग में शामिल हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि के अवसर पर आप यह अवश्य चढ़ाएं। इससे मानसिक शांति प्राप्त होती हैं।

भगवान शिव की पूजा में शमी के फूल का उपयोग करना अत्यंत शुभ और कल्याणकारी माना जाता है। इससे सभी तरह के दोष से राहत प्राप्त होती हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि पर प्रभु को यह 7 फूल अर्पित करें। इससे सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

## धन के देवता कुबेर

/ नरेंद्र देवांगन

आरंभ में कुबेर एक अनार्य देवता थे। उनका वैदिक ब्राह्मणों के साथ मेल नहीं बैठता था। चौथी-पांचवीं शताब्दी में वैष्णव धर्म के उत्थान के साथ जब लक्ष्मी की धन की देवी के रूप में प्रतिष्ठा हुई, तब लोग कुबेर को भुलने लगे। धीरे-धीरे वे उपेक्षित होकर दिक्पाल के रूप में मंदिरों के बाह्य अलंकरण के साधन मात्रा रह गए।

'वाराह पुराण' में कथा है- जब ब्रह्मा ने सृष्टि रचने का उपक्रम किया, तब उनके मुख से पत्थरों की वृष्टि होने लगी और आंधी तथा तूफान आए। कुछ देर बाद जब आंधी शांत हुई, तब उन्होंने अपने मुख से निकले हुए उन पत्थरों से एक अलौकिक पुरूष की रचना की। फिर उसे धनाधिपति बनाकर देवताओं के धन का रक्षक नियुक्त कर दिया। वही कुबेर के नाम से प्रख्यात हुआ।

रामायण के उत्तराकंड में कुबेर के संबंध में एक दूसरी ही कथा दी हुई है। उसके अनुसार ब्रह्मा के मानस पुत्रा पुलस्त्य हुए और इनके वैश्रवण नामक एक पुत्रा हुआ। इसका दूसरा नाम कुबेर था। वह अपने पिता को छोड़ कर अपने पितामह ब्रह्मा के पास चला गया और उनकी सेवा करने लगा। इससे प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने उसे अमरत्व प्रदान किया, साथ ही धन का स्वामी बनाकर लंका का अधिपति भी बना दिया तथा पुष्पक विमान प्रदान किया।

पुलस्त्य इससे बहुत रूष्ट हुए और अपने शरीर से एक दूसरा पुत्र विश्रवस, पैदा किया। उसने अपने भाई वैश्रवण को बड़े ही क्रूर भाव से देखा। तब कुबेर ने अपने पिता को संतुष्ट करने के लिए तीन राक्षसियां भेंट कीं जिनके नाम थे- पुष्पोलट, मालिनी और रामा। पुलस्त्य के पुष्पोलट से रावण और कुंभकर्ण, मालिनी से विभीषण और रामा से खर दूषण और शूर्पणखा उत्पन्न हुई।

ये लोग अपने सौतेले भाई कुबेर की संपत्ति को देखकर उससे द्वेष करने लगे। रावण ने तप करके ब्रह्मा को प्रसन्न किया और उससे मनचाहा रूप धारण करने तथा सिर कटने पर फिर जम जाने का वर प्राप्त किया। वर पाकर वह लंका आया और कुबेर को लंका से निकाल बाहर किया। निदान कुबेर गंधमादन पर्वत पर चले गए।



कुबेर का नगर आलक, कैलाश पर्वत पर जहां शिव का निवास स्थान है, वहां बताया गया है। कहा जाता है कि वह बहुत भव्य, परकोटे से घिरा हुआ नगर है। वहां न केवल यक्ष वरन किन्नर, मुनि, गंधर्व और राक्षस भी रहते हैं। कैलास पर्वत के उस नगर में अनेक सुंदर प्रासाद, उद्यान और झीलें हैं। उनमें चैत्रा रथ नामक उद्यान मुख्य है। उसकी पत्तियों के रूप में रत्न और फलों के रूप में अति सुंदर अप्सराएं लटकती हैं। संभवतः यह भौतिक सुखों की चरम अभिव्यक्ति को अलंकृत रूप में व्यक्त करने का रूपक है।

कुबेर के धन का देवता बनने के पीछे उनके पूर्वजन्म से संबंध रखने वाली भी कुछ अनुश्रुतियां हैं। एक अनुश्रुति है कि वे पूर्वजन्म में चोर थे। एक दिन वे एक मंदिर में चोरी करने के लिए घुसे और माल देखने के लिए जो दीपक जलाया, वह बुझ गया। इस तरह उस चोर ने दस बार दीपक जलाया और वह हर बार बुझता गया। इस रोशनी के जलने और बुझने को मंदिर में प्रतिष्ठित शिव ने अपनी आराधना समझ लिया। फलतः वे प्रसन्न हो गए और उनकी प्रसन्नता के कारण वह चोर दूसरे जन्म में धन का देवता कुबेर हुआ।

महाभारत में कहा गया है कि सोना, वायु और अग्नि के सहारे पृथ्वी से निकटता है। यहां अग्नि से भट्ठी, वायु से धौंकनी और कुबेर से सोना निकालने वाले का तात्पर्य जान पड़ता है। संभवतः कुबेर ही पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सोने को जमीन से निकाल कर पिघलाया। वे उत्तर दिशा के दिक्पाल कहे गए हैं। भारत में सोना उत्तर से ही आता था। अनुश्रुतियों तथा उनके यक्ष रूप से यही जान पड़ता है कि आरंभ में कुबेर एक अनार्य देवता थे और उनका आरंभ में वैदिक ब्राह्मणों के साथ मेल नहीं बैठता था। बाद में उनका वैदिक हिंदू धर्म में प्रवेश हुआ। देवताओं की पंक्ति में आ जाने पर कुबेर की नाना प्रकार से पूजा की जाने लगी। 'गृहय सूत्रों' में वैवाहिक कर्मकांड में ईशान के साथ-साथ कुबेर का भी आहवान करने का विधान है। धनद अथवा वसुध के रूप में उनकी पूजा जनसाधारण किया करते थे। कौटिल्य ने भी लिखा है कि कुबेर की मूर्ति खजाने के तहखाने में स्थापित की जानी चाहिए।

प्राचीन भारत में कुबेर के स्वतंत्र मंदिर होते थे। इसका पता बेसनगर(विदिशा के निकट) से प्राप्त दूसरी शती ईसा पूर्व के एक ध्वज स्तंभ के शीर्ष से लगता है। कुबेर का निवास वट वृक्ष कहा गया है। इस शीर्ष के वट वृक्ष में एक घड़ा और रूपयों से भरी दो थैलियां दिखाई गई हैं। (उर्वशी)

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली खेल महाकुंभ 13 फरवरी से शुरू होगा: आशीष सूद

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने वित्त वर्ष के लिए खेल एवं युवा मामलों के बजट में तीन गुना वृद्धि का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार 13 फरवरी से राष्ट्रीय राजधानी में 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ करेगी। सूद ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी, जिसमें शुरुआत में सात खेल (कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वाश) शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 20,000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।

### आईसीसी को पाकिस्तान पर कार्रवाई करनी चाहिये : गावस्कर

**नयी दिल्ली:** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का अनुमान है कि पाकिस्तान 'यू टर्न' लेगा लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को टी20 विश्व कप के मैच का बहिष्कार करने पर आईसीसी को उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिये। पाकिस्तान सरकार ने फैसला किया है कि उसकी टीम कोलंबो में भारत के खिलाफ यह मैच नहीं खेलेगी और इसका कोई आधिकारिक कारण भी नहीं दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाने के लिये यह कदम उठाया गया है। बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया गया है जिसने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार किया था। गावस्कर ने 'इंडिया टुडे' से कहा ,'मुझे लगता है कि अगले चार या पांच दिन में दुनिया भर से प्रतिक्रिया आने लगेगी तो संभव है कि पाकिस्तान अपना फैसला बदल ले।'

# टी20 विश्व कप में भारत-पाकिस्तान के बीच मैच नहीं होने से हो सकता है 25 करोड़ डॉलर का नुकसान



**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मुकाबला अनुमान के मुताबिक करीब 25 करोड़ डॉलर (2200 करोड़ रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा करता है और ऐसे में आगामी टी20 विश्व कप में इस अहम मुकाबले के नहीं होने से सभी हितधारकों को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के चलते भारत और पाकिस्तान केवल बहु-टीम टूर्नामेंटों में ही आमने-सामने होते हैं, लेकिन इस मुकाबले को लेकर रोमांच इतना जबरदस्त होता है कि आईसीसी हर वैश्विक आयोजन में दोनों टीमों को एक ही ग्रुप में रखता है। पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले इस बहु-प्रतीक्षित मुकाबले के बहिष्कार की घोषणा की। पाकिस्तान अगर अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे करोड़ों डॉलर के राजस्व नुकसान का जोखिम उठाना पड़ेगा। मैच नहीं होने की स्थिति में आईसीसी के खजाने और भारतीय मीडिया अधिकार धारक जियोस्टार को भी भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। जियोस्टार पहले से ही विश्व क्रिकेट संस्था के साथ अपने तीन अरब डॉलर के करार पर फिर से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है। मेजबान प्रसारक को इस बड़े मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक के विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो सकता है। जबकि इस मैच के दौरान 10 सेकंड के विज्ञापन स्लॉट की कीमत 40 लाख रुपये तक होती है। 'वॉकओवर' की स्थिति में हालांकि भारत को पूरे अंक मिल जाएंगे, लेकिन आईसीसी के पास पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर वित्तीय जुर्माना लगाने का अधिकार बरकरार रहेगा।

### खिलाड़ी सरकार और बोर्ड के फैसले का पालन करेंगे: पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा

**कराची:** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ी सरकार या क्रिकेट बोर्ड के किसी भी निर्देश का पालन करेंगे जिसमें 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले हाई-प्रोफाइल टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार भी शामिल है। सलमान ने लाहौर से कोलंबो रवाना होने से पहले मीडिया से कहा कि टीम को यह फैसला रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के तुरंत बाद टीम मैनेजर द्वारा बता दिया गया था। उन्होंने कहा, हम बोर्ड के साथ अनुबंधित खिलाड़ी हैं और सरकार तथा बोर्ड ने जो भी फैसला लिया है सभी खिलाड़ी उसके साथ हैं। सलमान ने स्पष्ट किया कि टी20 विश्व कप केवल भारत के खिलाफ खेलने तक सीमित नहीं है और टीम श्रीलंका में हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करने और टूर्नामेंट जीतने के इरादे से जा रही है। उन्होंने कहा, हमारे तीन अन्य ग्रुप मैच हैं और हम सभी जीतकर अगले दौर के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे।

# खेलमंत्री मांडविया ने 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' लांच किया



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय आर्थिक चर्चा और विकास प्राथमिकताओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और आम बजट को लेकर उनकी समझ बेहतर बनाने के लिये खेल मंत्रालय ने सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' शुरू किया जिसमें विजेता को विकसित भारत के विजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद का मौका मिलेगा। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने पत्रकारों से कहा ,'इस साल बजटीय भाषण के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के दौरान युवाओं द्वारा दिये गए सुझावों की सराहना की और बताया कि कुछ सुझावों को 2026 . 27 के आम बजट में शामिल किया गया है।' उन्होंने कहा ,'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के जरिये हम देश के युवाओं की आवाज को मजबूती देने की कोशिश जारी रखेंगे।' मांडविया ने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा की शुरूआत तीन फरवरी से माय भारत प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रीय स्तर के आनलाइन क्विज के जरिये होगी जो आम बजट पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा ,'इसमें भागीदारी के लिये 17 फरवरी तक की समय सीमा है और युवा माय भारत पोर्टल पर रजिस्टर कर सकते हैं। इसमें बजट पर आधारित 30 सवाल पूछे जायेंगे।' उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से विजेताओं को 17 फरवरी से तीन मार्च तक दूसरे दौर में भाग लेने का मौका मिलेगा जिसमें निबंध लेखन होगा। उन्होंने कहा ,'इसमें युवाओं को विकसित भारत के विजन के साथ बजट से जुड़े आठ विषय दिये जायेंगे जिनमें से चुनकर एक पर उन्हें निबंध लिखना होगा।'

# तिलक ने फिटनेस टेस्ट पास किया, भारत 'ए' ने अमेरिका को 38 रन से हराया



**नवी मुंबई:** पेट के निचले हिस्से की सर्जरी के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मैच फिटनेस साबित की। उनकी मौजूदगी वाली भारत 'ए' टीम ने सोमवार को यहां खेले गए उच्च स्कोर वाले अभ्यास मैच में अमेरिका को 38 रन से हरा दिया। तिलक के फिट होने से भारतीय टीम प्रबंधन ने राहत की सांस ली होगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 'ए' ने सीनियर टीम के 'हर कीमत पर आक्रामक क्रिकेट' के मंत्र को अपनाया। विकेटकीपर बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने 55 गेंदों में 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 104 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिससे भारत 'ए' ने तीन विकेट पर 238 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की टीम ने सपाट पिच पर संघर्ष किया लेकिन 200 रन तक ही पहुंच सकी। संजय कृष्णमूर्ति ने 18 गेंदों में 41 रन की तेज पारी खेली। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने तीन विकेट लेकर वाशिंगटन सुंदर की अनुपस्थिति में अपना दावा मजबूत किया। तीन सप्ताह का 'रिटर्न टू प्ले' प्रोटोकॉल पूरा करने वाले तिलक ने 24 गेंदों में 38 रन बनाए और बिना किसी परेशानी के आक्रामक शॉट खेले। उन्होंने क्षेत्ररक्षण में एक शानदार कैच लिया और गेंदबाजी में भी एक विकेट चटकाया। उनकी सफल वापसी से बल्लेबाजी क्रम में तीसरे स्थान के लिए दावेदारी मजबूत हुई है, जिससे संजू सैमसन की जगह पर संकट बढ़ सकता है। कप्तान आयुष बडोनी ने 24 गेंदों में 60 रन की तेज पारी खेली, जबकि मयंक यादव की गेंदबाजी में लंबे ब्रेक के बाद लय की कमी नजर आई।

### एशिया टीम चैंपियनशिप: भारतीय महिलाओं के सामने कड़ी चुनौती, पुरुष टीम की नजरें पोडियम पर

**किंगदाओ (चीन):** स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को यहां मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी। भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं। उन्होंने सत्र की शानदार शुरुआत की। इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झी यी और दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी को तीन गेम तक चुनौती पेश की जिससे यह साबित हुआ कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर सकती हैं।

### भारत ने छह पदकों के साथ जॉर्डन में होने वाले टेंट पेगिंग विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**नयी दिल्ली:** भारत ने क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में कुल छह पदक के साथ जॉर्डन में नवंबर 2026 में होने वाली टेंट पेगिंग विश्व कप चैंपियनशिप के लिए सोमवार को क्वालीफाई कर लिया। संदीप कुमार, धनराज सिरसाट, बोंगे गणेश बलिराम और जितेंद्र सिंह की मौजूदगी वाली भारतीय घुड़सवारी टीम ने इस क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में चार टीम पदक और दो व्यक्तिगत पदक जीते। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने कुल मिलाकर कांस्य पदक हासिल किया और जॉर्डन में होने वाले विश्व कप फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सऊदी अरब, कुवैत, नॉर्वे और इंडोनेशिया जैसी पारंपरिक मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबला करते हुए भारतीय दल ने लांस, स्वॉर्ड और संयुक्त स्पर्धाओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। भारत ने 29 जनवरी को लांस टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर अपना पदक अभियान शुरू किया। इसी स्पर्धा में राष्ट्रीय राइफल्स के धनराज सिरसाट ने व्यक्तिगत कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने टीम स्वॉर्ड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत कर अगले दिन (30 जनवरी) को यादगार बनाया। सिरसाट ने स्वॉर्ड स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने 31 जनवरी को लेमन एंड पेग्स, रिंग्स एंड पेग्स और रिले स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। टीम के कोच-सह-प्रबंधक तरसेम सिंह वराइच ने नतीजों पर संतोष जताते हुए कहा कि युवा घुड़सवारों की निरंतर मेहनत रंग लाई है।

### सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप: बांग्लादेश के खिलाफ हारा भारत

**पोखरा (नेपाल):** भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को सोमवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे। भारत की अंडर-17 टीम अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट 'अंडर-19 चैंपियनशिप' में हिस्सा ले रही है जिससे कि एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारी कर सके। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 1-0 किया था।



# बजट में वृद्धि को गति देने को निवेश पर जोर, घाटे का लक्ष्य बताता है सरकार की प्राथमिकता: सीतारमण



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।' वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी (प्रतिभूति सौदा कर) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विकल्प प्रीमियम और विकल्प उपयोग पर एसटीटी को मौजूदा क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है। पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं। सीतारमण ने कहा, हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। एफ एंड ओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी।' बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है। सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्रत्येक वर्ष की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है और अतीत में सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में राजकोषीय घाटे को कुछ आधार अंक कम रखा है।

### सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण मं आईबीसी संशोधन विधेयक पेश करेगी: सीतारमण

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार की नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे। उन्होंने लोकसभा में बजट 2026-27 पेश करने के एक दिन बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संसदीय समिति ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) से संबंधित प्रस्तावित कानून पर अपनी रिपोर्ट दे दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रही सीतारमण ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि कुछ शर्तों के अधीन, समिति के सुझावों को शामिल करते हुए दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक को नौ मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में पेश किया जाएगा।'

### विकसित भारत के लिए बैंकिंग की समीक्षा को उच्चस्तरीय समिति एक महत्वपूर्ण कदम : बंधन बैंक प्रमुख



**कोलकाता:** बंधन बैंक के संस्थापक और समूह चेयरमैन चंद्र शेखर घोष ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव, वित्तीय स्थिरता, समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण को सुरक्षित रखते हुए, बैंकिंग क्षेत्र को भारत के विकास के अगले चरण के साथ जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करने और वित्तीय स्थिरता, समावेशन और उपभोक्ता संरक्षण को सुरक्षित रखते हुए, इसे भारत के विकास के अगले चरण के साथ जोड़ने के लिए समिति के गठन का प्रस्ताव दिया। उन्होंने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के लिए ऋण वितरण और प्रौद्योगिकी अपनाने के स्पष्ट लक्ष्यों के साथ एक प्रस्ताव की रूपरेखा भी बताई, और पैमाने और दक्षता में सुधार के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के एनबीएफसी के पुनर्गठन का सुझाव दिया। घोष ने कहा कि प्रस्तावित समिति बैंकों, विशेष रूप से सूक्ष्म ऋण और समावेशन-आधारित ऋण देने वाले बैंकों के लिए भविष्य के नियामक और नीतिगत ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, 'अगर हम विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचना चाहते हैं, तो सूक्ष्म ऋण उद्योग को और अधिक योगदान देना होगा, खासकर सबचे निचले पायदान के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने में यह योगदान जरूरी है।'

### महंगे स्मार्टफोन की ओर बढ़ा रुझान, एप्पल की भारत में रिकॉर्ड 28 प्रतिशत मूल्य हिस्सेदारी



**नयी दिल्ली:** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 28 प्रतिशत की अपनी अब तक की सबसे अधिक मूल्य हिस्सेदारी दर्ज की है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार यह उपलब्धि प्रीमियम उपकरणों के बढ़ते चलन के कारण संभव हुई है, जिसमें उपभोक्ता तेजी से महंगे उपकरण चुन रहे हैं। रिपोर्ट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया कि जहां बिक्री की संख्या में वृद्धि स्थिर है, वहीं बाजार का कुल बिक्री मूल्य बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय खरीदार अब महंगे मॉडल ले रहे हैं। काउंटरपॉइंट के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत में एप्पल की मूल्य हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी। आईफोन 16 सीरीज की सफलता, आकर्षक वित्तपोषण योजनाओं और 'एक्सचेंज ऑफर' ने कंपनी को देश में अपनी सर्वोच्च मूल्य हिस्सेदारी तक पहुंचा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया, 'त्योहारों के दौरान प्रचार और बिक्री चैनल के विस्तार ने राजस्व वृद्धि को सहारा दिया, जिससे एप्पल 2025 में मूल्य के मामले में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में शीर्ष पर रही। आईफोन-16 वर्ष 2025 में भारत में सबसे ज्यादा आयात किया जाने वाला मॉडल रहा।' भारत का स्मार्टफोन बाजार 2025 में बिक्री की संख्या के मामले में एक प्रतिशत और मूल्य के मामले में आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा।

### बिहार सबसे तेजी से वृद्धि करने वाले राज्यों में, प्रति व्यक्ति आय 76 हजार रु. हुई: वित्त मंत्री



**पटना:** बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को कहा कि बिहार देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है और राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 76 हजार रुपये हो गई है। विधानमंडल में बिहार आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि वृद्धि दर के मामले में बिहार दूसरे स्थान पर है, जबकि तमिलनाडु पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा, ''बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय दर 7.3 प्रतिशत से काफी अधिक है।' यादव ने कहा, ''राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो 69 हजार रुपये से बढ़कर 76 हजार रुपये हो गई है। सरकार का ध्यान औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित है।' उन्होंने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के उद्देश्य से पूर्व मुख्य सचिव नवीन कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसे छह माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, 'आर्थिक नीति के तहत सरकार ने शुरुआती 10 वर्षों में बिजली और सड़क अवसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया। अब सरकार का जोर औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन पर है, ताकि राज्य के लोगों की आय में तेजी से वृद्धि हो सके।' वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में वित्त मंत्री ने कहा, '2024-25 के लिए नवीनतम त्वरित अनुमान के अनुसार बिहार का राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) स्थिर मूल्य (2011-12) पर 8.6 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। इस दौरान जीएसडीपी का आकार स्थिर मूल्य पर 5.31 लाख करोड़ रुपये और वर्तमान मूल्य पर 9.92 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। यह वृद्धि दर राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से अधिक रहने का अनुमान है।

## न्यूज अपडेट

### वापस आ चुके हैं 2,000 रुपये के 98.42 प्रतिशत नोट: आरबीआई

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2,000 रुपये के बैंकनोट में से 98.42 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा, ''उस समय चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 जनवरी, 2026 तक घटकर 5,609 करोड़ रुपये रह गया।'' इस तरह 19 मई, 2023 के बाद से चलन में मौजूद 2,000 रुपये के नोटों का 98.42 प्रतिशत वापस जमा हो चुका है। लोगों के लिए ये नोट जमा करने या अन्य मूल्य वर्ग के नोट से बदलने की सुविधा सभी बैंक शाखाओं में सात अक्टूबर, 2023 तक उपलब्ध थी। उसके बाद से आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालय भी 2,000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं, जिन्हें लोगों के बैंक खातों में जमा किया जा सकता है।

### राजस्व घाटा अनुदान खत्म होने से राज्यों की वित्तीय स्थिति पर असर नहीं पड़ेगा: व्यय सचिव

**नयी दिल्ली:** व्यय सचिव वी वुअलनाम ने कहा है कि 16वें वित्त आयोग द्वारा हस्तांतरण के बाद दिए जाने वाले राजस्व घाटा अनुदान को खत्म करने की सिफारिश का राज्यों की वित्तीय स्थिति पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने बजट के बाद पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में सोमवार को बताया कि केवल कुछ ही राज्यों को यह अनुदान मिल रहा था और वित्त वर्ष 2025-26 में इसकी कुल राशि घटकर मात्र 13,000 करोड़ रुपये रह गई है। उन्होंने आगे कहा कि राजस्व घाटा अनुदान एक क्रमिक रूप से कम होने वाला अनुदान था और 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार इसे 2025-26 तक खत्म होना ही था। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता वाले 16वें वित्त आयोग ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्रीय करों में राज्यों की 41 प्रतिशत हिस्सेदारी का सुझाव दिया है। आयोग ने स्थानीय निकायों के अनुदान को दोगुना करने का सुझाव दिया है, जबकि राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान को खत्म कर दिया है। व्यय सचिव ने विश्वास जताते हुए कहा, 'मुझे भरोसा है कि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों को समग्र रूप से लागू करने से राज्यों की वित्तीय स्थिति काफी स्थिर और मजबूत हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अपने राजकोषीय लक्ष्यों और ऋण प्रबंधन पथ का पालन सुनिश्चित करने के लिए बहुत सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद राज्यों को भारी मात्रा में धनराशि दी जाएगी।

### आईएसी-लाइफ की सेवानिवृत्तों को राहत देने की पहल, पेंशन कर सुधार की मांग

**आसनसोल:** लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल-इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (आईएसी-लाइफ) ने सेवानिवृत्ति आय और दीर्घकालिक बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पेंशन कराधान में सुधार की मांग की है। समिति का कहना है कि मौजूदा कर व्यवस्था अन्य आय वर्गों की तुलना में पेंशनभोगियों पर अधिक कठोर प्रभाव डालती है। आईएसी-लाइफ के सह-अध्यक्ष वेंकी अय्यर ने कहा कि कराधान के कारण सेवानिवृत्त व्यक्तियों की प्रयोज्य आय में उल्लेखनीय कमी आती है, जबकि वे प्रायः निश्चित पेंशन पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पेंशन कराधान को अन्य निश्चित ब्याज साधनों के अनुरूप किया जाए, ताकि संपूर्ण पेंशन राशि के बजाय केवल ब्याज या लाभांश घटक पर कर लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पेंशनभोगियों की सेवानिवृत्ति पश्चात आय में वृद्धि होगी और जीवन बीमा के माध्यम से दीर्घकालिक बचत को प्रोत्साहन मिलेगा। समिति ने पेंशन का रूपांतरण न करने वाले पेंशनभोगियों के लिए मानक कटौती का प्रस्ताव भी रखा है। ये सिफारिशें देश में बढ़ती पेंशनभोगी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत कर व्यवस्था की दिशा में अहम मानी जा रही हैं।

वर्ष 10, पूर्णांक 3492 अंक 302 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in